अगहन मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 325 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 दिसम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग
हं ★ क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## इंटरनेशनल फ्लाइट्स 31 जनवरी तक सस्पेंड

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर बढ़ी चिंता के बीच सरकार ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लगी रोक को 31 जनवरी 2022 तक बढ़ा दिया है। इससे पहले 26 नवंबर को सरकार ने घोषणा की थी कि 15 दिसंबर से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से प्रतिबंध हटा ली जाएगी और सामान्य सेवा बहाल होगी। एक सप्ताह से कम समय में ही इस फैसले पर अगले नोटिस तक रोक लगा दी गई थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है, "26-11-2021 को जारी सर्कुलर में आंशिक संशोधन के तहत सक्षम प्राधिकारी ने भारत से आने-जाने वाली निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं के निलंबन को 31 जनवरी, 2022 के रात 11:59 बजे तक बढ़ाने का फैसला लिया है। यह प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों और विशेष रूप से मंजूर किए गए विमानों पर लागू नहीं होगा।

सर्कुलर के मुताबिक, सक्षम प्राधिकारी के द्वारा केस टु केस बेसिस पर चुनिंदा रूटों पर अंतरराष्ट्रीय विमानों के संचालन की मंजूरी दी जा सकती है। कोविड -19 महामारी की वजह से 23 मार्च, 2020 से देश में निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाएं निलंबित हैं। हालांकि, वंदे भारत मिशन के तहत मई 2020 से और जुलाई 2020 से चुनिंदा देशों के साथ द्विपक्षीय 'एयर बबल' व्यवस्था के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो रही हैं। भारत का अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस सहित 31 देशों के साथ एयर बबल समझौता है। हालांकि, 'जोखिम वाले देशों (यूरोप के देशों सहित यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, घाना, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, तंजानिया, हांगकांग, इजराइल) से आने वाले यात्रियों का अनिवार्य रूप से कोविड जांच की जाती है। जांच रिपोर्ट आने तक एयरपोर्ट पर रुकना पड़ता है और निगेटिव रिपोर्ट आने पर भी सात दिनों के लिए होम क्वारंटाइन रहने का निर्देश दिया गया है। 8वें से 14वें दिन तक इन्हें अपने स्वास्थ्य पर नजर रखनी होती है।

# अलविदा जनरल: पीएम मोदी ने पालम एयरबेस पर सीडीएस रावत समेत 13 सैन्यकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पालम एयरबेस पहुंचकर सैन्य हेलिकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगत उऊ जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एयरबेस पहुंचे पीएम मोदी ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिजनों से मिले और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वहां मौजूद थे।

पीएम मोदी के पहुंचने से पहले राजनाथ सिंह ने शहीदों के परिवार से मिलते और शोक संवेदना प्रकट करते हुए नजर आए थे। तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हेलिकॉप्टर हादसे में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य सैन्य कर्मियों की मौत हो गई थी।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब सीडीएस रावत अपनी पत्नी और बाकी लोगों के साथ सुलूर से नीलिगिरी जिले के वेलिंग्टन के लिए हेलिकॉप्टर के जरिए उड़ान भरी थी। लेकिन लैंडिग से कुछ



मिनट पहले ही नीलिगिरी के घने जंगल में सीडीएस रावत का हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। हेलिकॉप्टर क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई थी।

शुक्रवार को सीडीएस बिपिन रावत के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया जाएगा। इससे पहले पार्थिव शरीर आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए सीडीएस रावत के आवास पर रखा जाएगा। इस दौरान सैन्य कर्मी भी उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। जानकारी मिली है कि शुक्रवार को कारज मार्ग स्थित सीडीएस बिपिन रावत के आवास पर सुबह 11 बजे से आम लोग सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इसके बाद सैन्यकर्मी साढ़े 12 बजे से तकरीबन डेढ़ बजे तक सीडीएस रावत के अंतिम दर्शन कर पाएंगे



## शहीदों को बेटियों का आखिरी सलाम

**नई दिल्ली।** भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (उऊ) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत, ब्रिगेडियर एल एस लिद्दर और 10 अन्य रक्षा कर्मियों के पार्थिव शरीर पर गुरुवार को दिल्ली के पालम एयरबेस पहुंचा। इनके पार्थिव शरीर एक सैन्य विमान से दिल्ली लाए गए। पार्थिव शरीरों के एयरबेस पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। इसके बाद शहीदों के परिवार के सदस्य और रिश्तेदारों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जो कि पहले से ही एयरबेस पर मौजूद थे। पीएम मोदी और अन्य नेताओं और सैन्य अधिकारियों की ओर से श्रद्धांजलि देने के बाद माहौल उस समय गमगीन हो गया जब शहीदों के परिवार के सदस्य और बेटियों ने श्रद्धांजलि देनी शुरू की। इस बीच हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर की बेटी, पिता के कॉफिन के पास पहुंचीं।

## खुशी है कि किसान भाई संतुष्ट होकर घर लौट रहे, अब चुनाव में मिलेगी मदद, केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने किसान संघों के प्रदर्शन स्थगित करने के फैसले का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इससे भारतीय जनता पार्टी को केंद्र तथा राज्य दोनों में पार्टी की सरकारों द्वारा किए गए कामों को लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपना एजेंडा तय करने में मदद मिलेगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने बृहस्पतिवार को किसानों का प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा तो जरूर की लेकिन किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने आगाह किया कि अगर उनकी मांगें 15 जनवरी तक पूरी नहीं की जाती हैं तो वे प्रदर्शन बहाल करने का फैसला ले सकते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जाट समुदाय से भाजपा के प्रमुख नेता बालियान ने कहा कि पार्टी की स्थिति में सुधार आएगा क्योंकि "नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाए कदमों से संतुष्ट होकर " किसान घर लौट रहे हैं। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, "यह न केवल मेरे लिए बल्कि हम सभी के लिए खुशी की बात है और वे सरकार के कदमों से संतुष्ट होकर घर जा रहे हैं।" यह पूछे जाने पर कि तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करने का केंद्र का फैसला आगामी चुनावों को देखते हुए लिया गया है, इस पर बालियान ने कहा कि राजनीतिक दल हमेशा चुनावों की चिंता करते हैं लेकिन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि "हमारे किसान भाई संतुष्ट होकर घर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, "भाजपा अच्छी स्थिति में है और इसमें अब सुधार आएगा। गांवों में लोग हमसे किसानों के आंदोलन के बारे में पूछते थे। अब हम अपने मुद्दों और केंद्र तथा उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा किए गए काम के बारे में बात कर सकते हैं।



## हेलिकॉप्टर क्रैश में शहीदों को स्थानियों की श्रद्धांजलि, रोड किनारे खड़े होकर एंबुलेंस पर बरसाए फूल



**नई दिल्ली।** हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद होने वाले देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनर बिपिन रावत को तमिलनाडु से दिल्ली लाया जा रहा है। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में सभी शहीदों को वेलिंगटन में श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद एंबुलेंस के जरिए पार्थिव शरीर को सुलूर एयरबेस लाते समय स्थानीय लोगों ने सीडीएस रावत और उनकी पत्नी और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों के पार्थिव शरीर को ले जाने वाले वाहनों पर फूलों की बारिश की। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस तरह से शहीदों के सम्मान में लोग सड़क किनारे खड़े होकर पार्थिव शरीर को ले जाने वाले वाहनों पर फूल बरसा रहे हैं। मद्रास रेजिमेंटल सेंटर, वेलिंगटन से कोयंबटूर तक लगभग 90 किलोमीटर के मार्ग में मृतकों के अंतिम दर्शन के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की कतार लगी रही। लोगों ने एम्बुलेंस पर फूल बरसाए। जो वीडियो सामने आया है उसे देखने से पता चलता है कि श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों ने एक दो किमी तक लाइन में खड़े रहे और एंबुलेंस पर फूल बरसाते रहे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और सैन्य कर्मियों समेत अन्य ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और 12 अन्य लोगों को गुरुवार को पुष्पांजलि अर्पित की।

# खत्म हुआ किसान आंदोलन

## 14 महीने बाद 11 दिसंबर से शुरू होगी घर वापसी

**नईदिल्ली।** दिल्ली की सीमाओं पर बीते 14 महीनों से डटे किसानों ने आंदोलन की समाप्ति का ऐलान कर दिया है। 11 दिसंबर से सिंघु बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर समेत तमाम जगहों से किसान घर वापसी शुरू कर देंगे। इसके बाद 13 दिसंबर को किसान अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास करेंगे और अपने घरों को पहुंच जाएंगे। सरकार की ओर से मिले नए प्रस्ताव पर किसान संगठनों में सैद्धांतिक सहमति पहले बन गई थी, लेकिन गुरुवार दोपहर को इस पर लंबी चर्चा के बाद फैसला हुआ। इस मीटिंग में किसान संगठनों के 200 से ज्यादा प्रतिनिधि मौजूद थे। सिंघु बॉर्डर का माहौल भी किसानों की वापसी का संकेत दे रहा है। यहां लोग टेंट हटाने लगे हैं और लंगर आदि का सामान गाड़ियों में रखा जाने लगा है। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि बलबीर सिंह



राजेवाल ने कहा कि हमारी 15 जनवरी को एक समीक्षा बैठक होगी, जिसमें यह विचार करेंगे कि आंदोलन से हमने क्या पाया है और सरकार ने कितनी मांगों को मान लिया है। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर से किसान लौटना शुरू कर देंगे और 15 दिसंबर को पंजाब में भी सभी मोर्चे खत्म हो जाएंगे। राजेवाल ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने हमारा इस लंबी लड़ाई में समर्थन दिया है। इस दौरान गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि हम इस आंदोलन के दौरान सरकार से हुए करारों की समीक्षा करते रहेंगे। यदि सरकार अपनी ओर से किए वादों से पीछे हटती है तो फिर से आंदोलन शुरू किया जा सकता है। इस आंदोलन ने सरकार को झुकाया है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की समीक्षा बैठक दिल्ली में होगी।

मध्य प्रदेश के किसान नेता शिवकुमार कक्का ने कहा कि हम देश के उन तमाम लोगों से माफी मांगते हैं, जिन्हें इस आंदोलन के चलते परेशानी हुई है। शिवकुमार कक्का ने कहा कि कृषि मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल की ओर से भेजे गए लेटर के बाद यह सहमति बनी है। इस लेटर में हमारी ज्यादातर मांगों पर विचार करने की बात कही गई है।

## महज 20 मिनट की उड़ान और फिर वह क्रूर हादसा, राजनाथ सिंह ने संसद में दी हेलिकॉप्टर क्रैश की पूरी जानकारी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर क्रैश में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत के मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में जानकारी दी। यह पहला मौका है, जब सरकार की ओर से इस घटना के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक तौर पर दी गई है। राजनाथ सिंह ने बताया कि इस घटना को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं और सीडीएस के साथ ही सभी जवानों का अंतिम संस्कार पूरे मिलिट्री सम्मान के साथ किया जाएगा। सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि चॉपर में सवार 14 में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे बचाव दलों ने बाकी 13 को भी बचाने की हर संभव कोशिश की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद घायलों को वेलिंगटन अस्पताल ले जाया गया था। घटना में अकेले बचे ग्रुप कैप्टन वरुण फिलहाल लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। राजनाथ सिंह ने बताया कि भारतीय वायुसेना



ने इस क्रैश के बाद ट्राई-सर्विस इनक्वॉयरी के आदेश दिए हैं। यह जांच एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में होगी।

राजनाथ सिंह ने बताया कि जनरल बिपिन रावत अपने एक पूर्वनिर्धारित समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सुबह 11:48 पर सुलूर से उड़ान भरी। इसे 12:15 पर वेलिंगटन में लैंड करना था, लेकिन 12:08 मिनट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। इस दौरान लोगों ने आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचे और तुरंत ही रेस्क्यू शुरू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेलिकॉप्टर में सवार 14 में से 13 लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें सीडीएस बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका रावत भी शामिल थीं। जनरल बिपिन रावत वेलिंगटन के डिफेंस कॉलेज के छात्रों से बातचीत के लिए अपने एक शेड्यूल्ड कार्यक्रम पर थे। राजनाथ सिंह ने बताया कि सभी पार्थिव शरीरों को आज शाम भारतीय वायुसेना के विमान से दिल्ली लाया जाएगा और पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।



## कानपुर को मेट्रो संग पीजीआई की सौगात भी देंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 दिसंबर को कानपुर में मेट्रो के साथ ही पीजीआई की भी सौगात देंगे। इसको देखते हुए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में तैयार गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक सुपर स्पेशियिलिटी पीजीआई के लोकार्पण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 240 बेड का पीजीआई शुरू होने से कानपुर और आसपास के जिलों के लोगों को सुपर स्पेशियिलिटी इलाज मिलने लगेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए शासन ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन और निर्माण एजेन्सी को 17 दिसम्बर तक सारी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उसी कड़ी में गुरुवार को किताबों और जर्नल के लिए भी 13 लाख रुपये भेज दिए हैं। साथ ही पीजीआई का सारा फर्नीचर भी आना शुरू हो गया है। गुरुवार को ही आठ माड्यूलर ऑपरेशन थिएटरों का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। शहर में ऐसे ओटी किसी अस्पताल में नहीं हैं। अब तक ठह हाईटेक ओटी टेबल भी कानपुर पहुंच गई हैं। पीजीआई के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष सिहं ने बताया कि उद्घाटन की तैयारी के लिए सारा स्टॉफ लगा दिया गया है। मशीनों के ट्रायल के लिए डॉ. अनिल वर्मा और डॉ. चन्द्रशेखर का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## प्रयागराज से बस्ती जा रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, तीन की मौंत

### तिलक समारोह से वापस घर जा रहा था परिवार, मचा कोहराम



आशी सिंह, सुशील सिंह व हरिश्चंद्र सिंह (सभी फाइल फोटो)

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर जिले के कोंहडौर थाना क्षेत्र के लाखीपुर गांव के पास बीती रात एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई जिसमें 15 साल की एक बालिका सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बता दें कि बस्ती जिले के रहने वाले ये लोग प्रयागराज में एक तिलक समारोह में भाग लेने गये थे, जहां से रात में वापस घर जा रहे थे। आधी रात के बाद जिले के कोंहडौर थाना क्षेत्र के लाखीपुर गांव के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही कई वाहन रुक गये और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में 15 वर्षीय बालिका आशी सिंह पुत्री अमित कुमार सिंह, 30 वर्षीय युवक सुशील सिंह पुत्र उमाशंकर और 50 वर्षीय हरिश्चंद्र सिंह पुत्र रघुनाथ शामिल हैं। घरवालों को सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बस्ती से घरवाले भी पहुंच गये हैं। इस घटना की तहरीर परिजनों ने कोंहडौर थाने में दी है।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाहः 40 जोड़े एक साथ लेंगे सात फेरे

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन 11 दिसंबर को किया जा रहा है। इसमें कुल 40 जोड़े एक साथ सात फेरे लेंगे। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत 11 दिसंबर को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। ईओ सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया ने बताया कि इसमें 15 जोड़ों का विवाह संपन्न करवाया जाएगा। समारोह में चीफ गेस्ट के रूप में बारा विधायक डा. अजय कुमार भाग लेंगे। इसी तरह विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ में भी सामूहिक विवाह का आयोजन 11 दिसंबर को किया जा रहा है। इस आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र के कुल 25 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे का हाथ थामेंगे। दोनों आयोजनों को लेकर नगर पंचायत प्रशासन व ब्लाक प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को उपलब्ध धन के सापेक्ष गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि करायें जा रहे निर्माण कार्यों का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सेतु निगम एवं जल निगम के अधिकारियों के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जांच हेतु गठित टीम का अपेक्षित सहयोग न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों कार्यदायी संस्थाओं के


विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। कोरांव में बन रहे अग्निशमन केन्द्र का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूर्ण करायें जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को दिया है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता नहर प्रखण्ड को नहरों के सिल्ट सफाई का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी पहुंचाये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि सिल्ट सफाई के कार्यों को टीम द्वारा अनिवार्य रूप से सत्यापित करा लिया जाये। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को विद्युत बकायें की धनराशि को शीघ्रता से भुगतान किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंश संरक्षण केन्द्रों पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए गो संरक्षण केन्द्रों पर ठण्ड के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने साथ ही साथ भूसा एवं चारें की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने का निर्देश दिया है। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति को और तेजी से किए जाने के निर्देश दिया है। वेल्नेस सेंटर के निर्माण कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहें।


शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा का महिलाओं ने किया भव्य स्वागत

# शिशु मंदिर के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सरस्वती शिशु मंदिर शंकरगढ़ के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली और भारत माता का जयकारा लगाया। तिरंगा यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और बच्चों के साथ भारत माता की जय का उद्घोष किया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा के आयोजन में भारत माता की झांकी सजाई गई, जिसमें पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात हाथ में तिरंगा लिए बच्चों ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया। बच्चों की शोभायात्रा का सदर बाजार, पुरानी बाजार, रामभवन चौराहा में जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने भारत माता की आरती उतारी। इस आयोजन में मूलचंद गुप्ता, रामानुज गुप्ता, अनूप केसरवानी,रतन केसरवानी, जय केसरवानी, नरेंद्र गुप्ता, डॉ प्रेमचंद गुप्ता,नितेश केसरवानी समेत तमाम लोग शामिल हुए।

# राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के द्वारा नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत अभिनंदन

## प्रजापति समाज को बदलाव की मुहिम का हिस्सा बनाना प्राथमिक्ता :श्रीराम

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के संरक्षक व समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति के प्रथम नगर आगमन पर राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के पदाधिकारियों एवं समाजवादी पार्टी के कार्य कार्यकताओं द्वारा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश कुमार प्रजापति की अगुवायी में तहसील मुख्यालय मेजा में जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

उल्लेखनीय है कि यमुनापार के कोरांव तहसील क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार निवासी श्रीराम प्रजापति को बीते सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा समाजवादी बाब साहब वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। इसी के मद्दे नजर मेजा क्षेत्र के उत्साहित सपा कार्यकताओं एवं राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के पदाधिकारियों द्वारा बृहस्पतिवार को मेजा तहसील मुख्यालय पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश कुमार प्रजापति की अगुवायी में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित कर नव नियुक्त समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष


नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति का स्वागत करते कार्यकर्ता

श्रीराम प्रजापति का विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि सपा मुखिया द्वारा दी गयी जिम्मेदारी के साथ साथ दबे कुचले प्रजापति समाज को बदलाव की मुहिम का हिस्सा बनाना और उनके सुख-दुख में भागीदारी देना ही मेरी प्राथमिकता होगी। इसी क्रम में राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार प्रजापति के कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकतां समाजवादी पार्टी के साथ कंधा से कंधामिलाकर मैदान में उतरने का काम करेगें। इस मौके पर आरपीएसएम के प्रदेश सचिव सुबेदार प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति, गणेश प्रजापति राकेश प्रजापति (संगठन मंत्री) तथा सपा के अधिवक्ता कमलेश यादव, दुर्गेश यादव, कुँवर सिंह यादव, शुभम यादव, शक्तिमान यादव एवं धमेंन्द्र यादव के अलावा बधाई देने वाले सैकड़ो अन्य पदाधिकारियों का ताता लगा रहा।

## ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेले का हुआ आयोजन

**शंकरगढ़।** रबी की फसल की बुवाई से पहले मृदा परीक्षण जरूर करवाएं। उर्वरक का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें। बीजशोधन, मिट्टी की नमी, खरपतवार व कीटनाशक के बारे में जानकारी रखें। कृषि वैज्ञानिकों ने गुरुवार को किसानों को खेती की वैज्ञानिक तरकीब की जानकारी देते हुए कम लागत में अधिक मुनाफे का गुर सिखाया। विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में आयोजित एक दिनी मेले में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, कृषि यंत्रों पर मिलने वाली छूट, किसान सम्मान निधि की भी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। इसके पूर्व मेले का उद्घाटन चीफ गेस्ट/ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी ने किया। कृषि वैज्ञानिक डा. शिशिर कुमार ने गेहूं की बुवाई की उन्नत तकनीकी, यंत्रों के प्रयोग, खरपतवार, उर्वरक और सिंचाई प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती से हटकर नगदी फसल से मुनाफा कमाने का भी आह्वान किया।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के सलाहकार सुरेश दुबे ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, यंत्रीकरण, विभिन्न योजनाओं पर मिलने वाले अनुदान, सिंचाई के लिए सोलर पंप की जानकारी दी और किसानों से पराली न जलाने की अपील की। राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी तुलाराम यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए विकास खंड में केसीसी से लाभांवित किसानों के बारे में जानकारी दी।अंत में क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्मला देवी ने किसानों को पराली को सड़ाकर खाद बनाने के लिए डी-कंपोजर का निशुल्क वितरण किया। कृषि मेले में जिला पंचायत सदस्य अनारकली देवी, बीडीओ अमित मिश्रा, एडीओ (पंचायत) रवीन्द्र नाथ, डा. सर्वेंद्र कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डा. उमेश पटैरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, कृषि प्राविधिक सहायक सौरभ तिवारी, मुकेश सिंह, राहुल वादरी, अभिषेक मालवीय, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।



## न्यूज झरोखा

### 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किया गया प्रोत्साहित



**जसरा।** बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न कालेजों मे युवा समाजसेवी एवम शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता अभियान पर छात्र एवम छात्राओं को जागरूक किया गया इस अवसर संयोजक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए यह18वर्ष पूर्ण होनें पर विद्यार्थियों से मतदाता बनने के लिए भी प्रोत्साहित किये। श्री पटेल ने अपने उदबोधन मे मतदान को बहुत ही पुण्य एवम देश के विकास मे अहम योगदान होता हैं। इस दौरान श्री पटेल के नेतृत्व मे छात्र एवम छात्राओं ने पोस्टर एवम बैनर के माध्यम से भी जागरूकता का प्रसार किया गया।उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय की ही राजनीति विज्ञान की शोध छात्रा वंदना त्रिपाठी ने फार्म संख्या छह, सात एवम आठ के प्रयोग के विषय मे भी विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के मध्य साझा किया गया।केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्रों ने युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत प्रताप सिंह से मुलाकात करके मतदाता जागरूकता अभियान मे सहयोग एवम मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।इस अवसर पर स्थानीय बी. एल. ओं. सहित प्रधानाचार्य एवम शिक्षक गण मौजूद रहें।

### खीरी थानान्तर्गत बीती रात पांच दुकानों का ताला टूटा



**लेडियारी।** यमुनापार में इन दिनों खीरी थाना क्षेत्र चोरों के लिए अड्डा बनता जा रहा है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद और दुकानदारों में भय का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात खीरी थाना क्षेत्र के नारीबारी कोरांव मुख्य मार्ग पर पौंसला चौराहे पर सत्राजित के होटल, विश्वजीत चौहान के पान का गोमती ,राजेश चौहान के पान का गोमती ,राजकुमार के साइकिल के दुकान का ताला चोरों ने तोड़ दिया । वही एक नारी बारी के व्यापारी का भी पौंसला चौराहे पर कपड़े का दुकान है।उसका भी चोरों ने ताला तोड़ दिया। जिसमें व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान समय में खीरी पुलिस समय से रात में गश्त नहीं करती। जिस कारण चोरों का हौसला बुलंद है। उपरोक्त चोरी के मामले में हजारों रुपए नगद, वही पान के दुकान से पान गुटखा व कपड़े के दुकान से सामान गायब है ।मामले में खीरी थानाध्यक्ष बैकुंठ नाथ पांडे का कहना है कि खीरी पुलिस चोरी हुए स्थल पर मौका मुआयना कर चुकी है।परंतु अभी तक किसी व्यापारी द्वारा तहरीरी नहीं दिया गया है। बताते चलें कि अभी कुछ दिनों पहले खीरी चौराहे स्थित कुंवर मिश्रा के पान के गोमती से पैतालीस हजार नगदी चोरी हो चुका है ।जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया।लोगो में चर्चा है नशेड़ियों के द्वारा यह कार्य किया गया है।

### सांसद खेल प्रतियोगिता : लहौरा की टीम विजेता व बंदीपट्टी की टीम रही उपविजेता



**धनूपुर।** भदोही लोकसभा के अंतर्गत हंडिया विधानसभा के धनूपुर ब्लॉक के पिपरी गांव के आरसीसी खेल मैदान में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन भदोही सांसद रमेशचंद्र बिंद ने किया था।विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मैच लहौरा क्रिकेट क्लब एवं आरसीसी क्रिकेट क्लब बंदीपट्टी के बीच हुआ लहौरा की टीम बल्लेबाजी करके 12 ओवर में 165 रन बनाकर बंदीपट्टी को 166 रन का लक्ष्य दिया। बंदीपट्टी की टीम 8 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।लहौरा टीम विजेता व बंदीपट्टी की टीम उपविजेता हुई।खिलाड़ियों को वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अवधेश तिवारी व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नवीन सिंह पटेल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम संयोजक जिला शोध प्रमुख भाजयुमो सुमित तिवारी, ग्राम प्रधान पिपरी बाबा सोनकर, पूर्व प्रधान हरीपुर बाल कृष्ण तिवारी, अमित पांडेय, कल्लू पांडेय पंचायत सचिव अभिषेक यादव मंडल प्रभारी बरौत आशीष त्रिपाठी, विकास इलाहाबादी, राजू पांडेय, पवन पांडेय, प्रवीण कुमार, सुशील पांडेय, सौरभ उपाध्याय,अनुज पांडेय,शिवम शुक्ला, अनु पांडेय उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा धनूपुर अनुराग पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

### भाजपा नेता अवधेश तिवारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कटहरा मंडल में



**धनूपुर।** भाजपा नेता अवधेश तिवारी के नेतृत्व में कटहरा मंडल के शाहीपुर ग्राम सभा में गौरीशंकर शिवालय, प्राइमरी पाठशाला शाहीपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपीठा एवं हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कटहरा मंडल के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अलविदा कमांडर : देश के पहले सीडीएस को दी गई श्रद्धांजलि

## नवोदित शिक्षा केंद्र इं.का., कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज समेत तमाम विद्यालयों में शोकसभा का आयोजन


स्कूल के बच्चों ने सीडीएस विपिन रावत को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** तमिलनाडु के कुन्नूर में हुए हेलीकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका समेत अन्य के निधन पर जनपद में कई स्थानों पर शोकसभा का आयोजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। देश के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत सहित सभी वीर सपूतों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 लोगों के असामयिक निधन पर विद्यालय में श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का आयोजन किया गया। हादसे में बचे ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि इस दुर्घटना से देश की अपूरणीय क्षति हुई है।

शोक सभा में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, शिक्षक ममिशंकर दुबे, मनोज तिवारी, सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, राजेश गोस्वामी, मनोज तिवारी, अतुल पांडेय, याज्ञवल्यक द्विवेदी, रितु सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह मौजूद रहीं। इसी क्रम में नवोदित शिक्षा केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज लाइनपार में दो मिनट का मौन रखा गया और आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, राजेश सिंह, विजय शंकर मिश्र, कमलाकर सिंह, पुष्पराज सिंह, लक्ष्मी नारायण वर्मा, अशोक त्रिपाठी, कामिनी सिंह, अर्चना सिंह, अनीता सिंह, संदीप सिंह मौजूद रहे।

## प्रतापपुर कोटेदार संघ ने विपिन रावत सहित 13 अन्य लोगों को श्रद्धांजलि दिया



**प्रतापपुर।** भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत का बुधवार को तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया इस हादसे में उनकी पत्नी मधुलिका समेत 12 और लोगों ने अपनी जान गंवा दिया था।क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कार्यालय जंघई प्रतापपुर के प्रांगण में प्रतापपुर कोटेदार संघ द्वारा में शोकसभा का आयोजन किया गया।प्रतापपुर के समस्त उचित दर विक्रेता द्वारा उऊ्र विपिन रावत व अन्य लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें कोटेदार संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, कोषाध्यक्ष संदीप मिश्रा, महामंत्री योगेश सिंह, रामकृपाल, विक्की मिश्रा, प्रेमचंद सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

## हेलीकाप्टर क्रैश में शहीदों को छात्रों ने सैल्यट कर दी श्रदाँजलि



**करछना।** सरस्वती बाल मन्दिर गंधियांव करछना प्रयागराज में हेलीकाप्टर क्रैस होने से शहीद होने पर सीएसडी जनरल विपिन रावत जी एवं उनके साथ उनके परिवार एवं अन्य शहीदों को सैल्यूट कर बच्चों ने दी श्रद्धाजंली। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक पवनेश उपाध्याय, प्रधानाचार्य वी एन दुबे, वेदिका श्रीवास्तव, आकांक्षा ओझा, संध्या तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पिछड़ों-दलित विरोधी भाजपा सरकार : उज्जवल रमण

अखंड भारत संदेस

**करछना।** पूर्व मंत्री विधायक उज्वल रमण सिंह करछना मेंडरा में विनोद कुशवाहा स्कूल के वार्षिक उत्सव में उपस्थित छात्र व जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सरकारी नौकरी खत्म करने के लिए सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रही हैं ताकि आरक्षण अपने आप खत्म हो जाय और प्रदेश की योगी सरकार बेरोजगारों को रोजगार से रोकने के लिए हर भर्ती के पेपर लीक व अन्य तरीके से लटकाए जा रही हैं। यह हैं भाजपा का दोहरा चरित्र सबका साथ सबका विकास एक धोखा है 15 लाख रुपए की तरह।उन्होंने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण का घोटाला हुआ सरकार ने दलित पिछड़ों के साथ धोखा किया है पिछड़ों का 27 के जगह केवल 3.86% और अनसूचित जाति 21 की जगह सिर्फ 16.6 दिया है आज 174 दिन से पिछड़े दलित अभ्यर्थी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट लागू करने की माँग कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ने साफ तौर पर कहा गया है कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण की अनदेखी की गयी है जिसका उल्लंघन हुआ है। लेकिन ये गूंगी बहरी सरकार राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को नहीं मान रही न ही लागू कर रही है ।पिछड़े दलित अभ्यर्थी एक समय रखा सूखा खाकर अपने संवैधानिक अधिकार की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को आचार संहिता

### 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण का हुआ घोटाला डा. वेदान्त निषाद के नेतृत्व में 30 लोगों ने भाजपा छोड़ कर समाजवादी पार्टी ज्वाईन किया



लगने से पहले पिछड़े दलितों के अधिकार को लौटाना होगा नहीं तो अभ्यर्थी एक बहुत बड़े आंदोलन को अंजाम देने को तैयार है जिसकी गूँज पूरे देश में होगी और न्याय न देने का हजार्ना बीजेपी को आगामी 2022 के चुनाव में भरना पड़ेगा। सपा जिलाउपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि योगी सरकार ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले भावी शिक्षकों को लाठी से पिटवाया, भाजपा सरकार का लोकतंत्र में विश्वास नहीं हैं, आवाज उठाने वालों को दबाने का कार्य होता हैं।कार्यक्रम में करछना प्रमुख कमलेश द्विवेदी, संतोष पाण्डेय,नन्द लाल यादव महानारायण यादव, कृष्ण मुरारी पाण्डेय,वेदान्त निषाद, माधव यादव,फूलचंद निषाद, बल्लूराम निषाद,संतलाल चौधरी, डा.शिवसागर कुशवाहा आदि लोग रहे।

# रक्षा प्रमुख विपिन रावत सहित अन्य शहीद सैन्य अधिकारियों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**फूलपुर।** तमिलनाडु के कुन्नूर में भारतीय सेना का विमान क्रैश होने पर उसमें सवार सीडीएस विपिन रावत और उनकी धर्मपत्नी मधुलिका रावत समेत सेना के अन्य अधिकारियों की मौत पर गुरुवार को फूलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मृतकों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। फूलपुर के गोमती इंटर कॉलेज में तीनों सेनाओं के रक्षा प्रमुख को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एबीवीपी के जिला सह संयोजक विशाल कुमार सत्या ने कहा की भारत माता के वीर सपूत सीडीएस जनरल विपिन रावत जी का जाना देश के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जनरल विपिन रावत के अदम्य साहस और समर्पण पर भारत देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। गोमती इंटर कालेज के उप प्रधानाचार्य जितेंद्र बहादुर सिंह ने भी शहीदों को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला संयोजक नवीन चौरसिया ने कहा की भारतीय सेना में महिलाओं को प्रबलता से प्रवेश दिलाने का श्रेय रक्षा प्रमुख रावत जी को ही जाता है जिसके लिए पूरा भारत देश उन्हें सदैव याद रखेगा।इस दौरान विद्यालय के अध्यापकों के साथ ही छात्रों ने दो मिनट का मौन धारण कर दुर्घटना में जान गंवाने वाले जवानों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर एबीवीपी के तहसील संयोजक वशिष्ठ सिंह, विद्यालय के अध्यापक अमित ,मदनपाल सहित एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता व छात्र मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि अर्पित करते एबीवीपी कार्यकर्ता

### फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन ने भी दी श्रद्धांजलि

**फूलपुर।** विमान दुर्घटना में सैन्य अधिकारियों के निधन पर फूलपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद यादव वह महामंत्री दिलीप आजाद ने दुर्घटना में मारे गए सैन्य अधिकारियों की मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद है। पूरे मामले की जांच कराने की जरूरत है। मौके पर एडवोकेट बृजेश गौतम, राजीव वर्मा, कृष्ण कुमार,मदन, कमलेश,मनोज मौर्य, राजेश गौड़, सत्य नारायण, मूलचंद,उदय सिंह अम्बेडकर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच का धरना आज

**प्रयागराज।** गोहरी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर डा० अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच आज पत्थर गिरजाघर के पास धरना प्रदर्शन कर गोहरी कांड में मृतकों व उनके परिजनों के लिए न्याय की मांग करेगा। कार्यक्रम के आयोजक छात्र एवं अधिवक्ता मोर्चा के संयोजक एडवोकेट भास्कर पासवान ने बताया कि गोहरी हत्याकांड की सीबीआई जांच होने पर ही स्थिति साफ होगी।

### राजकीय बालिका गृह की किशोरी स्कूल से हुई फरार

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद राजकीय बालिका गृह की एक और किशोरी गुरुवार को भाग गई। वह स्कूल गई थी और वहीं से फरार हो गई। इस मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए होमगार्ड के निलंबन की संस्तुति की गई है। बंगाल से आई 17 वर्षीय किशोरी को 20 जुलाई 2018 को बालिका गृह में लाया गया था। वह गुरु तेज बहादुर खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज में पांचवीं की छात्रा है।सहायक अधीक्षिका ने खुल्दाबाद थाने में तहरीर दी है कि किशोरी स्कूल परिसर से ही दिन में करीब तीन बजे भाग गई। होमगार्ड ने इसकी सूचना दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा का कहना है कि बालिकाएं होमगार्ड की निगरानी में पढ़ने के लिए जाती हैं। किशोरी के पलायन करने में होमगार्ड की लापरवाही सामने आई है। होमगार्ड के खिलाफ निलंबन तथा अन्य कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय जाली नोट तस्कर गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने दबोचा

## एसटीएफ के चंगुल में केरल से पकड़ा गया एक लाख का इनामी जाली नोट तस्कर



पुलिस के गिरफ्त में जाली नोट तस्कर जाली नोट तस्कर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बांग्लादेश से लाकर जाली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना दीपक मंडल केरल से गिरफ्तार कर लिया गया। एक लाख का यह इनामी लंबे समय से वांछित चल रहा था जिसे एसटीएफ प्रयागराज इकाई ने पकड़ा। एसटीएफ का कहना है कि आरोपी 12-14 सालों से जाली नोटों की तस्करी के धंधे में लगा हुआ था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर शहर लाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।एसटीएफ अफसरों के मुताबिक, जून में फूलपुर निवासी रूपेश कुमार को एक लाख केनकली नोटों संग पकड़ा गया। उससे पूछताछ में रामू साहू निवासी कौड़िहार नवाबगंज व सरगना दीपक मंडल निवासी जयनपुर, वैष्णव नगर, मालदा पश्चिम बंगाल का नाम सामने आया। अक्तूबर में 50 हजार के इनामी रामू साहू को गिरफ्तार किया गया और उससे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पिछले दिनों एक टीम ने पश्चिम बंगाल के मालदा में दबिश दी। हालांकि वह वहां से भाग निकला। लेकिन टीम उसकेपीछे लगी रही। आखिरकार बुधवार को उसे त्रिवेंद्रम केरल से गिरफ्तार कर लिया गया।

### बांग्लादेश से नाव से मंगाता था जाली नोट

एसटीएफ के मुताबिक, पूछताछ में दीपक ने बताया है कि वह बांग्लादेश से नाव से जाली नोट मंगाता है और फिर डिमांड के मुताबिक इसे बिहार, दिल्ली, राजस्थान, उप्र, बिहार, पंजाब, केरल में सप्लाई करता है। इसके अलावा लोगों को वह अपने गांव में बुलाकर भी जाली नोटों की सप्लाई करता है।

### दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भेजा था जेल

सरगना दीपक पहले भी कई बार जेल जा चुका है। 2017 में 5.5 लाख और 2018 में 7.5 लाख रुपये के जाली नोट बरामद करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे तिहाड़ जेल भेजा था। इससे पहले 2013 में वह तीन लाख रुपये के नकली नोटों संग शिवकुटी में एसटीएफ की कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया था। उसने पूछताछ में एसटीएफ को यह भी बताया है कि रूपेश के पकड़े जाने के बाद रामू साहू ने उसे जानकारी दी थी कि वह दोनों भी कीडगंज में दर्ज मुकदमे में वांछित हो गए हैं और इसकेबाद से वह बेहद सतर्क हो गया था। उसने यह भी बताया कि शिवकुटी से गिरफ्तारी के बाद नैनी जेल में ही उसकी मुलाकात रामू से हुई थी और जेल से छूटने के बाद वह फिर इसी धंधे में लग गया।

# छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, दो घायल, निकले असली या नकली पिस्टल

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के सरपतहईया मार्ग के समीप स्थापित एक स्कूल में कक्षा 8 व 9 में पढ़ने वाले दो छात्रों के गुटों के बीच जमकर गुरुवार को किसी पुरानी बात को लेकर मारपीट हो गई। बताया जाता है कि उसी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का एक गुट पास के ही हॉस्टल में रहते हैं। वह बाहरी लड़कों को स्कूल में बुला लिए। जब तक स्कूल प्रशासन कुछ समझ पाता, बाहर से आए लड़कों ने स्कूल के अंदर घुसकर जमकर उपद्रव करते हुए मारपीट करने लगे। हालांकि किसी तरह से स्कूल प्रशासन ने मारपीट करने वालों बाहरी तत्वों को बाहर किया, लेकिन बाहर भी जमकर मारपीट शुरू हो गई। जिससे स्थानीय लोगों के साथ राहगिरोह की भारी भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि स्कूल के कक्षा 11 का विद्यार्थी गुजर रहा था पत्थर लगने से उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। इतना ही नहीं एक अन्य छात्र के भी पैर में चोट लग गई। जिससे वह भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मारपीट करने वाले बाहरी छात्र मौके से फरार हो गए। सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो बाहर से आए बाइक सवार लड़कों ने असली य नकली पिस्टल भी लहराते हुए फरार हो गए। हालांकि स्थानीय पुलिस इस मारपीट की सूचना से ही इंकार कर रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त विद्यालय के आसपास आए दिन ही मारपीट की घटना होती रहती है। स्थानीय पुलिस को पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं करती है। इतना ही नहीं विद्यालय से जुड़े प्रशासन भी आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचते रहते हैं।

### जल व नदियों के संरक्षण पर जागरूकता अभियान का आयोजन

**प्रयागराज।** जागरूकता जसरा ब्लाक के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज में बुधवार नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा कैच दी रैन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रवक्ता सुनील कुमार ,नेहरू युवा केंद्र की जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह , सहायक अध्यापक अचलेंद्र जयसवाल सहायक अध्यापक विकास केसरी , राज्य प्रशिक्षक चंद्रमणि मिश्रा ,राज्य प्रशिक्षक महेश दिवेदी की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षक महेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया। सभी छात्रों को जल संरक्षण पर जानकारी साझा की गई ' नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने सभी छात्रों को पानी का महत्व समझाते हुए गांव के आसपास तालाब, झील आदि पर चर्चा की। राज्य प्रशिक्षक चंद्रमणि नेहरू युवा केंद्र संगठन की कार्यक्रम योजनाएं युवा मंडलों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल गतिविधियों में जादूगर में जल संरक्षण आधारित नुक्कड़ नाटक व जादू के माध्यम से सभी छात्रों को जल संरक्षण के महत्व के लिए मनोरंजन तरीके से प्रेरित किया । वर्षा जल संचयन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान अविनाश पांडे ,द्वितीय स्थान रितेश, तृतीया स्थान लवकुश प्रजापति रहे। इन्हें प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार वितरण किया गया ।कार्यक्रम का समापन सभी युवाओं द्वारा जल संचयन की शपथ दिला कर दी गई। स्वयंसेवक अमन और रोशनी का खास योगदान रहा। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया।

# करछना ब्लॉक परिसर में 11 दिसम्बर को बजेगी शहनाई

अखंड भारत संदेश

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 62 जोडे एक साथ बनेंगे जीवन साथी**



**करछना।** विकासखंड करछना में 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत करछना एवं मांडा ब्लॉक से एक साथ कुल 62 कन्याओ की शादी के बंधन में बधेगे , जिसके लिए ब्लॉक मुख्यालय पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं खंड विकास अधिकारी राम विलास राय ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत करछना ब्लॉक के गांवो से कुल 27 जोड़े नवविवाहित की सामूहिक विवाह कराया जाएगा तथा मांडा ब्लॉक से 35 जोड़े नवविवाहित की भी शादी करछना ब्लॉक पर ही एक साथ कुल 62 लोगों की शादियां एक साथ कराई जाएंगी जिसके लिए बैठने के लिए पंडाल कुर्सियां खाने पीने की वस्तुएं उपहार आदि सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कराली गयी हैं, जो 11 तारीख को एक साथ मंडप के में बैठकर शादियां कराई जाएंगी उसके लिए पुरोहित मौलवी के अलावा उपहार आदि दिए जाने की व्यवस्था की गई है जिसमें ब्लॉक करछना के समाज कल्याण विभाग अधिकारी बिजय शंकर यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत सचिव संजीव श्रीवास्तव हूमा परवीन प्रीति शुक्ला, कमल सिंह ,अब्दुल बारी, राम सकल मनीष कुमार ,अमित यादव ,महेश कुमार के अलावा एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह ,मनीष शुक्ला, अल्प नारायण सिंह , आदित्य तिवारी, संजय चौधरी, सुरेश कुमार, शिव ओम चौधरी, आदित्य पौडवाल, संतोष कुमार सिंह, सहित सभी ब्लॉक कर्मियों को सामूहिक विवाह योजना में अलग-अलग जिम्मेदारी में लगाया गया है।

### सामूहिक विवाह का आयोजन शनिवार को

**सहसों।** गरीब नव दंपतियों के उद्धार के लिए उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकासखंड सहसों में सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी कॉलेज सहसों में शनिवार 11 दिसंबर को ग्यारह बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी सुधाकर दुबे एवं अन्य ने दी है।

# नारीबारी पहुंचे डीएम, धान क्रय केंद्र प्रभारी से स्पष्टीकरण तलब

अखंड भारत संदेश



धान क्रय केन्द्र पर जिलाधिकारी पूछताछ करते व जानकारी लेते

**डीएम ने क्रय केंद्रों पर आये किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में ली जानकारी, केंद्र प्रभारियों को तत्काल समस्याओं को दूर कराने का दिया निर्देश**

**डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को धान क्रय केंद्रों का हर सप्ताह व संबंधित एसडीएम को लगातार निरीक्षण करने का सुनाया फरमान**

**शंकरगढ़।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरुवार को नारीबारी में पीसीएफ द्वारा संचालित भारतनगर व सुरवल सहनी धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। धान विक्रय का मूल्य किसानों के खाते में निर्धारित समय में हस्तांतरित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, धान की सही तौल हो। नारीबारी भारत नगर में स्थित धान क्रय केन्द्र पर लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी से रजिस्टर में अंकित खरीद के विवरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन की जा रही खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर धान क्रय करने पहुंचे किसानों से बातचीत की व उनसें सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, जिसपर किसानों ने जिलाधिकारी को बताया कि केंद्र में नमी मापक यंत्र ठीक तरीके से कार्य नहीं कर रहा है, इससे किसानों को बड़ा नुकसान हो रहा है, साथ ही टोकन से संबंधित शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने विकास खंड शंकरगढ़ स्थित धान क्रय केंद्र प्रभारी को चेतावनी देते हुए नमी नापने की नई मशीन का प्रयोग करने व टोकन संबंधी शिकायत को दूर कराने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर नए आए नमी मापक यंत्र की स्वंय जांच भी की। किसानों द्वारा जिलाधिकारी से क्रय केंद्रों पर धान तौलनें के लिए कांटों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। गलत तौल पर जिलाधिकारी ने मशीनों की जांच कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्रों का हर सप्ताह निरीक्षण करने के निर्देश एडीएम वित्त एवं राजस्व को व लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए है। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों पर क्रय किए गए धान को खुले में न रखने की सख्त हिदायत दी, साथ ही क्रय किए जा चुके धान को जल्द से जल्द निर्धारित स्थानों पर भेजने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने भारतनगर धान क्रय में बोरी की कमी को दूर कराने के निर्देश संबंधित को दिए।



फूलपुर में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपाई

### क्रांति के प्रतीक लाल रंग से डरने लगी है सरकार : रामनाथ गौड़

**फूलपुर।** समाजवादी सरकार बनाने के लिए चल रही जन संदेश यात्रा में शामिल होकर कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राम नाथ गौंड का आगमन गुरुवार को फूलपुर कोतवाली तिराहे पर हुआ तो सपाइयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले से ही जुटे सपा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को माला पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपके संघर्षों की बदौलत ही सपा को भारी जनादेश मिल रहा है। सरकार की तमाम अड़चनों के बाद भी सपा की रैली में हुजूम उमड़ रहा है। उन्होंने कहा की लाल रंग क्रांति का प्रतीक हैं जिससे सरकार डर रही है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राइन,अध्यक्ष विधान सभा फूलपुर कुमार मंगल, नगर अध्यक्ष सपा मोइद अंसारी, जीत लाल बिंद, सौरभ यादव, सुहेल अहमद, सुजीत यादव, मो. अनीस, राजेश पटेल, वीरेंद्र यादव भीम, गुलफाम, शाहरुख, नरेंद्र यादव, रतन सिंह यादव, विकास यादव, रिंकू, जय सिंह, सोनू, जन्मेजय सिंह, शिव बाबू, अखिलेश यादव, संजय गौतम, चंदन सिंह बिंद, शिव कुमार सहित अन्य सपाइ मौजूद रहे।

### एंटी क्राइम एंटी करप्शन ने अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार दिवस पर गोष्ठी का किया आयोजन



**करछना।** प्रयागराज के विधान परिषद में एंटी क्राइम एंटी करप्शन ने अंतरराष्ट्रीय दिवस 9 दिसंबर के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें प्रयागराज एसपी ट्रैफिक अरुण कुमार दीक्षित जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे व आला पुलिस अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल थे,प्रयागराज के सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार व समाजसेवी व समाज सेविकाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।एंटी क्राइम एंटी करप्शन के तमाम पदाधिकारी व सदस्य गणों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ ली और भ्रष्टाचार मुक्त भारत में प्रशासन की मदद करने की बात कही इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार गणों को सम्मानित भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अरुण कुमार दीक्षित के हाथों सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार लोक सम्मानित हुए ।जिसमे वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद गुफरान को सम्मानित किया गया। अवधेश कुमार निषाद जि व जूही जायसवाल जी व निशा मिश्रा जी के देख रेक में कार्यक्रम हुआका ।र्यक्रम में एंटी क्राइम एंटी करप्शन के पदाधिकारी व सदस्य जुटे रहे और कार्यक्रम को सकुशल समापन करवाया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार निषाद,शैलेंद्र श्रीवास्तव ,डॉ श्याम बाबू, जूही जयसवाल , निशा मिश्रा ,रत्नेश जयसवाल, नीरज जयसवाल ,जुनेद वारिस, टोनी शर्मा ,विनोद केसरी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



रामा सृजन जन कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम

**मेजा रोड।** विद्यालय में माता दान सिंह इ० का० तरवाई में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम 2021-2022 के अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रयागराज के निर्देशन में रामा सृजन जन कल्याण संस्थान प्रयागराज द्वारा तम्बाकू जान लेवा हैं विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कालेज के डायरेक्टर श्री अशीष सिंह जी ने किया साथ ही उन्होंने तम्बाकू निषेध पर कार्य क्रम की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हम इस जहर के खिलाफ खुद को तैयार नहीं करेंगे तब तक कोई भी संगोष्ठी और कार्यशाला सफल नहीं हो सकती इस लिए आवश्यकता इस बात की है कि हमें इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ना होगा रामा सृजन जन कल्याण संस्थान के सचिव ओम प्रकाश मिश्रा ने तम्बाकू निषेध विषय पर बोलते हुए कहा कि विश्व भर तंबाकू से होने वाली मौतों में भारत अपना अग्रणी स्थान रखता है क्योंकि यहाँ विभिन्न रूपों में जैसे गुटखा, पान, मशाला, सुर्ती, चुना ,मावा ,गुल,दोहरा, बीड़ी,सिगरेट, हुक्का, जैसे तंबाकू उत्पादों का सेवन सार्वजनिक रूप से करते है ।जिसके कारण मुह और फेफड़े का कैंसर अपनी भयवाह ता प्रदर्शित कर रहा है ।ज्यादातर तंबाकू की लत बचपन से लोगो मे पड़ने लगती हैं इसलिए सरकार ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों कालेजो में विभिन्न प्रतियोगिताओं एव संगोष्ठी कार्यशाला के माध्यम से तंबाकू की और दुष्प्रभाव बताये जा रहे है एवं अगर इसे कोई छोड़ना चाहते है तो उसके इलाज की भी ब्यवस्था हैं ।साथ ही विद्यालय के बच्चे अपना अपना तंबाकू के विषय पर अलग चित्रण और रंगोली प्रतियोगिता में भाग करके संदेश दिया कि तंबाकू जान लेवा हैं और सभी बच्चो को प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव ओम प्रकाश मिश्रा जी ने किया समन्वय क गुड़िया सिंह ने किया और कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से मिथिलेश कुमार, संजय कुमार, कुलदीप यादव,रिया तिवारी, रिशा श्रीवास्तव ,क्षमता जैसल आदि समस्त लोग अपनी सहभागिता दिए।

## न्यूज झरोखा

### आर्ट टीचर केएल भास्कर ने अपने आर्ट के माध्यम से विपिन रावत को दिया श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर में अध्यापिका केएल भास्कर ने अपने आर्ट के माध्यम से जनरल विपिन रावत को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।स्कूल में टउट की जली लकड़ी से जनरल विपिन रावत का चित्र बनाकर समस्त स्टाफ ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### शूरवीरों को दी गई नैनी में श्रद्धांजलि



**नैनी।** तमिलनाडु के कुन्नूर में वायुसेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित तेरह लोग देहांत (शहीद) हो गए। भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल द्वारा नैनी के मेवा लाल बगिया चौराहे के समीप मोमबत्ती (कैंडल) जलाकर मौन रखकर सभी मृतकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि देने वालों में नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, मंडल महामंत्री रामजी मिश्र, हरिकृष्ण तिवारी उर्फ बबलू, विमल गुप्ता, विनय सिंह, रजत दुबे, प्रमोद शर्मा, राकेश जायसवाल, शिवदनी सिंह, नीरज त्रिपाठी, गीता श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकताओं के साथ ही आम लोग भी मौजूद रहे।

### गुरु मां ने भक्तों को बताया श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का महारास प्रसंग



**नैनी।** क्षेत्र के श्री सच्चा बाबा आश्रम में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में षष्ठम दिवस पर परम पूज्या संत करुणामयी गुरु माँ जी ने गुरुवार को श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह बहुत ही सुंदर महारास का प्रसंग भक्तों को सुनाया। सभी भक्त बहुत ही आनंदित व भाव विभोर होकर कथा को सुनते रहे। यह कथा स्वर्गीय कैलाश बिहारी मिश्र के पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी शकुंतला मिश्रा के करवा रहीं हैं। निवेदिका साध्वी सिद्धी एवं संयोजक पं.सौरभ कृष्ण शास्त्री, और आचार्य संदीप त्रिपाठी के संरक्षण में जारी है। कथा में विशेष रूप से सच्चा बाबा आश्रम के महंत स्वामी गोपाल जी महाराज एवं स्वामी चैतन्यदेव महाराज, शैलेश बिहारी मिश्र , हरिओम ब्रम्हचारी की विशेष उपस्थिति रही।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने थाना अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह किया भेंट



**मेजा रोड।** गुरुवार को मेजारोड व्यापार मंडल कार्यालय पर समाजसेवी सिद्धांत तिवारी व व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने थानाध्यक्ष अरुण कुमार चतुर्वेदी का फतेहपुर स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी व व्यापार मंडल ने अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर विदाई किया। समाजसेवी सिद्धांर्थ तिवारी ने कहा कि थाना अध्यक्ष अरुण कुमार चतुर्वेदी अपने कार्यकाल में ग्रामीणों व आम जनमानस से काफी घुलमिल गए थे बड़े-बड़े विवादों को सलीके के तौर पर खत्म करवाने का प्रयास करते रहे। अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र में घटना दुर्घटना होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर समस्या का निदान करवाने में हमेशा आगे रहे हैं इनका निर्विवाद कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। इस अवसर पर मुन्ना पांडे, रमेश उपाध्याय, विनोद कुशवाहा, राजू केसरवानी,राजकुमार यादव उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया गया स्वागत



**सिरसा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा नगर पंचायत सिरसा में अधिवक्ता मनीष कुमार भारतीय उपाध्यक्ष मेजा समाजवादी पार्टी के निवास पर समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति का जोरदार स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति ने कहा की भाजपा हमेशा दलितों और पिछड़ों को कमजोर करने का काम किया हैं। भाजपा के शासन काल में बहन बेटियों का आबरू सुरक्षित नहीं है। महंगाई दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही जनता बेहाल हो गई हैं। दलित और पिछड़ों को न्याय नहीं मिल पा रहा हैं। भाजपा सरकार दलितो और पिछड़ों को विकास से दूर किया जा रहा हैं। समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राम प्रजापति ने कहा की अब समय आ गया हैं की हम सब मिलकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री के हाथो को वोट देकर मजबूत करे। तभी दलितो और पिछड़ों का विकास और सम्मान मिलेगा। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से नगर पंचायत सिरसा चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) अध्यक्ष विधानसभा मेजा समाजवादी पार्टी, रामकैलाश कोनौजिया उपाध्यक्ष मेजा समाजवादी पार्टी, अखिलेश प्रजापति ,राहुल प्रजापति, दिवाकर भारतीय,राकेश भारतीय,अनूप अग्रवाल, डब्ल्यू लोहिया ,इम्तियाज अली सभासद नगर पंचायत सिरसा, अनिल यादव, संजय शर्मा,गिरीश शर्मा (पत्रकार), मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी विनोद विश्वकर्मा और सपा कार्यकताओं ने स्वागत किया।

### फूलपुर पुलिस ने किया सेल्समैन के साथ हुई लूट का खुलासा



**फूलपुर।** दो दिन पूर्व सेल्समैन को तमंचा दिखाकर उसे लूटने वाले दो उचक्कों को फूलपुर पुलिस ने बुधवार देर शाम सांवडीह नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा तलाशी ली जाने पर उनके पास से देशी तमंचे के साथ ही जिंदा कारतूस बरामद हुआ जिस पर पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में दर्ज प्रकरण का खुलासा करते हुए विभिन्न धाराओं सहित आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया। फूलपुर कोतवाली अन्तर्गत हरभानपुर गांव के वरुणा बाजार-उग्रसेनपुर मार्ग पर मधुपुर मौजे में अंग्रेजी शराब की दुकान पर बगई खुर्द गांव निवासी सत्य नारायण जायसवाल बतौर सेल्समैन काम करता है। वह मंगलवार देर रात दुकान बंद कर अपने पौत्र के साथ बाइक से घर लौट रहा था तभी प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग के सावडीह गांव के पास पीछे से बाइक से आये उचक्कों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया ।आरोप था कि उचक्कों ने पिस्तौल दिखाकर उनसे लगभग 21 हजार रुपए छीनकर वरुणा बाजार की तरफ भाग निकले। भुक्तभोगी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर सक्रिय हुई फूलपुर पुलिस ने जांच पड़ताल करनी शुरू कर दी। जिसके लिए पुलिस को कुछ स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालना पड़ा। गुरुवार को प्रकरण का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के ही पंकज कुमार पटेल निवासी बेलहाबांध व विनीत कुमार उर्फ देवा निवासी लिलहट को बुधवार देर शाम सावडीह नहर से गिरफ्तार कर लिलिया। थानाध्यक्ष फूलपुर अमित कुमार राय ने बताया कि अभियुक्तों के पास से अपाचे सहित दो बाइक, आठ हजार सात सौ अस्सी रुपए नकद , एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाई कर जेल भेज दिया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा एटीएम चोरों का अन्तर्जनपदीय गिरोह

## पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस को तीन शातिर एटीएम चोरों को गिरफ्तार करने मे बडी कामयाबी हासिल हुई है। गिरफ्तार शातिर बदमाशो के पास से पुलिस ने आर्थिक क्षेत्र मे आपराधिक घटनाओ मे प्रयुक्त की जाने वाली कार समेत डेढ दर्जन एटीएम कार्ड स्वाइप मशीन आदि की बरामदगी भी की है। दबोचे गये शातिर बदमाशो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्राधिकारी रामसूरत सोनकर व कोतवाल लालगंज कमलेश पाल द्वारा गुरूवार सुबह छः बजे को हमराहियो के साथ की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान नगर क्षेत्र के संगम तिराहा से तीन शातिर एटीएम चोरो को गिरफ्तार करने मे बडी कामयाबी मिली। पुलिस ने आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले भूपेन्द्र सिंह उर्फ आशीष सिंह पुत्र स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह निवासी पूरे पाण्डेय पतुलकी थाना जेठवारा तथा इसी गांव के जीतेन्द्र बहादुर यादव उर्फ बब्लू यादव पुत्र पृथ्वीपाल यादव व थाना जेठवारा के ही काछा पूरे बोधराम निवासी उमेश यादव पुत्र हरिकेश यादव को हिरासत मे ले लिया। पुलिस की तलाशी मे आरोपियो के पास से विभिन्न आपराधिक घटनाओ मे उनके द्वारा प्रयोग मे लायी जाने वाली स्विफ्ट कार के साथ ही डेढ दर्जन विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड, एक स्वाइप मशीन, लैपटॉप, डाटा केबल, फर्जी नंबर प्लेट एवं चौदह हजार पांच सौ बीस रुपए की नकदी की भी बरामदगी हुई है। गुरूवार को कोतवाली परिसर मे मीडिया को जानकारी देते हुए सीओ रामसूरत ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी भूपेन्द्र उर्फ आशीष सिंह के खिलाफ आईटी एक्ट, जानलेवा हमले के प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के जेठवारा थाने मे तथा लखनऊ व लालगंज मे मुकदमें दर्ज हैं। वहीं आरोपी उमेश यादव के खिलाफ भी विभिन्न आपराधिक धाराओं मे जेठवारा लखनऊ व लालगंज थानों मे मुकदमा दर्ज है।

# सद्भावना दिवस के रुप में मनी पं0 रामराज शुक्ल की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में गुरुवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कालजयी व्यक्तित्व, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पं0 रामराज शुक्ल का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों में आपसी सौहार्द व सामंजस्य हेतु कबड्डी, वालीबाल आदि खेलों की प्रतियोगिता विद्यालय के अध्यापक कुमार गौरव पाण्डेय व प्रकाश त्रिपाठी द्वारा कराई गई। छात्रों ने सरस्वती वंदना, वंदना गीत एवं देश भक्ति से सम्बन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्रवक्ता ओम शंकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मानिक चंद्र मिश्र, हरिकेश प्रसाद मिश्र, शैलेश मिश्र, रामयज्ञ शुक्ल ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर अमरनाथ त्रिपाठी ने छात्रों को पं0 रामराज शुक्ल से जुड़ी अपनी यादें बताई। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने किया। विद्यालय के वर्तमान अध्यक्ष डा0 प्रशांत देव शुक्ल ने जन्मदिन पर बधाई दी। संचालन विद्यालय के प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने किया। इस मौके पर राकेश तिवारी, संजय तिवारी, आलोक त्रिपाठी, राजेश मिश्र, महेन्द्र त्रिपाठी, डा0 श्याम शंकर उपाध्याय, गिरजाशंकर उपाध्याय, विनोद यादव, अजय तिवारी, आनंद प्रकाश तिवारी, गिरेन्द्र द्विवेदी, मनोरमा, ज्योति आदि मौजूद रहे।

## लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम




तिलक इंटर कालेज में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथिगण

## पंडित जी के व्यक्तित्व को नहीं भुलाया नहीं जा सकताः राकेश

**प्रतापगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लगभग दो दर्जन विद्यालयों के अध्यक्ष जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष महा मना पंडित राम राज शुक्ला का जन्म दिवस जगदीश नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज ढिंगवस के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया। प्रधानाचार्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि पंडित जी के विराट व्यक्तित्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। पंडित जी व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। इस दौरान विद्यालय में कृष्ण कुमार द्विवेदी डॉअनूप पांडे अरुण कुमार शुक्ला अमर बहादुर यादव विकास पांडे दिव्य प्रकाश शुक्ला केदारनाथ शुक्ला दिनेश दूबे अनिल तिवारी पवन मिश्रा मनीष शुक्ला नीरज सिंह रेखा मिश्रा सुनील कुमार शुक्ला कमलेश तिवारी प्रधान लिपिक राजाराम वर्मा जेपी पाल समेत विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया रामराज शुक्ला का जन्मदिन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के राम राज इंटर कॉलेज में गुरुवार को विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व विधायक पंडित राम रामराज शुक्ल का जन्मदिन विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दिनेश मणि द्विवेदी ने किया समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद पांडे रहे। प्रधानाचार्य के निर्देशन पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर पंडित जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में मान्धाता विजेता, संडवा उपविजेता

## खेल से बढ़ता है भाईचाराः विधायक, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनमोहा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को जिला स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि खेल की भावना से भाईचारा बढ़ता है। खेल सामाजिक समरता का द्योतक है। इस अवसर पर सभी खेलों में प्रतिभाग कर 141 अंक पाकर मान्धाता ब्लाक की कटरा गुलाब सिंह स्कूल की टीम विजेता और 119अंक प्राप्त कर संडवा चंद्रिका ब्लाक उपविजेता रही।

व्यक्तिगत चैंपियन शिप प्रियांशु सोनकर प्राथमिक विद्यालय आलापुर कालाकांकर और पंकज यूपीएस कटरा गुलाब सिंह मान्धाता को मिली। अनुशाषित छात्र और शिक्षक की ट्राफी कंपोजिट स्कूल अठेहा को मिली। विधायक ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय विमेलश कुमार त्रिपाठी ने की। तीन तक चली खेल प्रतियोगिता में विकास खंडों से आये बच्चों ने दमखम दिखाया। संचालन सदर अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष रमा शंकर शुक्ला ने शिक्षको की समस्या उठाई। वेतन और पेंशन का मुद्दा उठाया। मंत्री विनय सिंह,पीटी मास्टर राजकुमार सिंह, स्काउट टीचर सुशील सिंह, मंजू सिंह ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्रम से विधायक को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री विनय सिंह, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, शाह आलम, अशोक राय, प्रभा शंकर पांडेय, राजेश सिंह, अशोक मिश्रा, शैलेंद्र सिंह और राजेश कुमार समेत कई शिक्षक कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिये।

कार्यक्रम में विभिन्न ब्लाकों से आई टीम के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और पीटी मार्च किया। मिडिल स्कूल जोगापुर की अकेली छात्रा लाजो ने 400 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में सदर का खाता खोलकर लाज बचाई। छात्रा वर्ग में लाजो के अलावा कोई दूसरी छात्र किसी भी रेस में नही जीत पाई। गेम टीचर राजेश कुमार ने बताया कि लाजो ने 400 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उसकी जीत पर विद्यालय के स्टाफ ने हर्ष जताया है।



विजेता लाजो को प्रमाण पत्र देते सदर विधायक राजकुमार पाल




उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक में बैठे अतिथिगण

# व्यापारियों की मांग पर सरकार ने शुरू किया दुर्घटना बीमा

## उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान पर वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर राम भवन विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर राम निवास व दिव्या त्रिपाठी, सुशील कुमार, सुरेश चंद उमरवैश्य तथा कपिल ओझा के साथ उपस्थित होकर व्यापारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में कमिश्नर ने व्यापारियों को जनहित व देशहित में जीएसटी पंजीयन कराने हेतु जोर देते हुए इसके लाभ और आवश्यकताओं के संदर्भ में विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने उपस्थित डिप्टी कमिश्नर सहित सभी अधिकारियों एवं पदाधिकारियों व व्यापारियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों हेतु मंडल के रा.व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के निरांतर मांग के उपरांत सरकार ने दस लाख दुर्घटना बीमा देना प्रारंभ कर दिया है। बैठक के अंत में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के तीनों सेना के अध्यक्ष अमर शहीद विपिन रावत के साथ उनकी पत्नी तथा अन्य शहीद सैन्य अधिकारियों हेतु सभी ने खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त बैठक में प्रमुख रुप से लखन बाबा, कृष्ण मोहन केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, संजय सोनी, सुरेश चंद्र केसरवानी, सतीश चंद्र सोनी, शकील अख्तर, राहुल केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# भक्ति के समर्पण मे है परमात्मा की पूर्ण कृपा- प्रकाशचंद्र महराज

## श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव मे श्रद्धालुओं मे छलका आस्था का उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के खेल मैदान पर हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा मे गुरूवार को श्रीराम कथा के श्रवण मे श्रद्धालुओं मे आस्था का उत्साह दिखा। कथाव्यास अयोध्या से पधारे प्रकाशचंद्र जी महराज ने कहा कि भक्ति के पूर्ण समर्पण मे ही प्रभु की कृपा की पूर्णता हुआ करती है।

उन्होने कहा कि भगवान का भजन निर्मल मन से करना चाहिये। माया तथा मोह को छोडकर प्रभु का सुमिरन करने वाले भक्त का भगवान स्वयं सदैव कल्याण किया करते है। उन्होनें कहा कि भगवान से भक्त का कोई न कोई मयार्दा का सम्बन्ध होना चाहिये। कथाव्यास ने बताया कि भगवान तो भक्ति की निर्मलता के सामने एक पिता, पुत्र तथा सखा का भी सम्बन्ध निर्वहन किया करते है। कथा के दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कथाव्यास प्रकाशचंद्र जी महराज को श्रद्धालुओं की ओर से सम्मानित किया। संयोजक संकल्पदास जी महराज के प्रबंधन मे श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी की आरती वंदना की। संचालन शक्ती नारायण जी ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र, बाबा नरेन्द्र ओझा, अंजनी अमोघ, पवन शुक्ल, इं. रमेश शुक्ल, मुन्ना तिवारी, शिवकृपाल शुक्ल, डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र, हरिमोहन जायसवाल, राजेश सिंह, भानू सिंह, अनिल महेश, सविता उपाध्याय आदि ने कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। सामूहिक श्रीराम कथा के यजमान पं. वज्रघोष ओझा ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया।

## जनरल विपिन रावत की शहादत पर वकीलों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देश के सीडीएस जनरल विपिन रावत समेत तेरह सैनिको की शहादत पर गुरूवार को यहां वकीलो ने फुल कोर्ट रिफ्रेंस ऑनर प्रदान किया। इसके तहत अधिवक्ताओं ने शहीदो के सम्मान मे भारत माता का जयघोष करते हुए तहसील एवं दीवानी न्यायालय मे अपने को न्यायिक काम काज से विरत रखा। शोकसभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन महामंत्री प्रवीण यादव ने किया। संयोजक उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने शोकांजलि प्रस्ताव एसडीएम को सौंपा। इधर दीवानी न्यायालय मे संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश नारायण तिवारी की अध्यक्षता मे हुई शोकसभा मे जनरल विपिन रावत समेत सेना के अन्य शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, अनिल महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अजय शुक्ल, रामअंजोर तिवारी, रामकुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, राजेन्द्र मिश्र, संजय सिंह, अनूप पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ अमृत महोत्सव का आयोजन


**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रवेश द्वार पर मातृ भारती की मंत्री सविता पाण्डेय, अध्यक्षा नेहा तिवारी, कोषाध्यक्ष पिंकी पाण्डेय व आरती चौरसिया व शिशु वाटिका प्रमुख विभा शुक्ला व प्रीति सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया। भारत माता के रुप में बहिन सृष्टि पाण्डेय व लक्ष्मीबाई के रुप में बहिन अलंकृता तिवारी की छवि माताओं को मनोहारी लगी। इस दौरान प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पाण्डेय ने स्वतंत्रता प्राप्ति के इतिहास के बारे में लोगों को बताया। आरती के बाद सीडीएस जनरल रावत को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अभिभावक रेनु गुप्ता, रोली मिश्रा, रीना पटेल, आरती चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# बीमा व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिये हुआ सेमिनार

## भारतीय जीवन बीमा निगम का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में अभिकर्ता शैक्षिक सेमिनार एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मण्डल प्रबंधक विक्रय इलाहाबाद अजय बाबू श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि कैलाश नाथ रावत शाखा प्रभारी प्रतापगढ़ तथा आनंद कुमार पाण्डेय सहायक शाखा प्रबंधक को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने दिसम्बर माह को मिनी मार्च के रुप में बीमा व्यवसाय करने के लिये अभिकताओं को मार्ग दर्शन दिया। उन्होंने कहा कि तमाम प्रतियोगिताएं जीतकर अभिकर्ता अपनी आय दूनी कर सकते हैं। वरीयता क्रम में राघव सिंह, अशोक कुमार सिंह, ओम प्रकाश, राजीव सिंह, राकेश कुमार, नंद किशोर प्रजापति, कृष्ण धुरिया, श्रवण कुमार वर्मा को अंग वस्त्र देकर मण्डल प्रबंधक ने सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक कैलाश नाथ रावत ने यूनिट के कर्मवीरों को विभिन्न चौपाईयों के माध्यम से बीमा व्यवसाय पर गति देने पर जोर दिया। अंत में आनंद पाण्डेय एवं राजीव कुमार आर्य ने सभी के प्रति आभार जताया।




अधिकारियों को सम्मानित करते विकास अधिकारी राजीव कुमार

# ग्राम पंचायत, प्रधानों व उनके सदस्यों के रिक्त पदों की समय-सारिणी जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्टेज्ट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) डा0 नितिन बंसल ने जिले के ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं उनके सदस्यों के रिक्त स्थानों/पदों के उप निर्वाचन हेतु समय-सारिणी निर्गत करी दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद में दो ग्राम प्रधानों के पद रिक्त है जिनमें ग्राम पंचायत रामकोला व पेडरिया है। इसके अतिरिक्त जनपद में 109 सदस्यों के रिक्त पद है। उन्होने बताया है कि ग्राम पंचायत के प्रधानों एवं उनके सदस्यों का नाम निर्देशन पत्रों को 12 दिसम्बर तक पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक जमा किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 13 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति की जायेगी। उम्मीदवारी वापसी 14 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक व प्रतीक आवंटन अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति किया जायेगा। मतदान 20 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक एवं मतगणना 21 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति की जायेगी।

## आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर वकीलों ने जताया आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र पर जानलेवा फायरिंग के आरोपी की गिरफ्तारी न हो पाने पर गुरूवार को वकीलों का जत्था जेठवारा थाने आ धमका। नाराज वकीलों ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जेठवारा थाना परिसर मे अनवरत धरना व प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया है।

दोपहर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय तथा महामंत्री प्रवीण यादव की अगुवाई मे वकीलों का एक जत्था जेठवारा थाने पहुंचा। यहां संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह की अगुवाई मे एसपी को संबोधित ज्ञापन भी प्रभारी एसओ रमेश को दिया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, पूर्व महामंत्री रामकुमार पाण्डेय व आशीष तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# सऊदी अरब गए युवक की मौत से घर में मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खाड़ी देश सऊदी अरब में पट्टी के एक युवक की मौत हो जाने से घर में कोहराम मच गया। पट्टी तहसील के कंधई थाना क्षेत्र के पूरेदेवजानी गांव का रहने वाला सलीम (9) साल पहले सऊदी अरब गया था वह मदीना शहर के अल बदर में रखकर टैंकर चलाता था। तीन साल पहले वह अवकाश लेकर घर आया था। इसके बाद वह अपनी नौकरी पर चला गया। परिजनों के अनुसार मंगलवार को वह टैंकर लेकर जा रहा था।

मदीना शहर के बाहर पहाड़ी इलाके में टैंकर का टायर फट गया। इससे टैंकर बगल की खाई में जा गिरा और उसने विस्फोट के साथ आग लग गई। इस दुर्घटना में सलीम की दर्दनाक मौत हो गई दुर्घटना से मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## जर्जर हाईटेंशन तार दे रहा दुर्घटना को दावत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के अमरगढ़ बाजार में 11 हजार बोल्ट की विद्युत लाइन कई जगह से टूटी पड़ी हुई है इसके लिए विभाग ने टूटे हुए तार पर कई जगह पर जोड़ लगा दिया है लेकिन जर्जर तार कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकता है। पट्टी ढकवा मार्ग पर स्थित अमरगढ़ बाजार मैं यूको बैंक से लेकर लगभग 500 मीटर की दूरी तक 11 हजार बोल्ट का हाईटेंशन तार कई बार खराब हो चुका है। विभाग ने खानापूरी के नाम पर उसे जोड़ तो दिया और उसे लकड़ी का सहारा देकर जोड़ दे दिया है, लेकिन उसे सुचारू रूप से दुरुस्त नहीं करवाया। हाईटेंशन तार पर लगी हुई लकड़ी और उसके बिगड़े हुए हालात को देखकर उसके जर्जर और खराब होने का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लोगों का कहना है कि अगर तार टूटा तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रवक्ता पद में 12 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता सुचि विश्वास की अगुवाई में गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रवक्ता पद के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस परीक्षा में लिखित परीक्षा के साथ 3 सदस्यीय कमेटी ने प्रतिभागियों से इंटरव्यू लेकर उन्हें कसौटी में परखा। परीक्षा में बतौर परीक्षक मौजूद रहे सुचि विश्वास ने बताया कि जल्द ही प्रदेश कमेटी के द्वारा परिणाम को घोषित कर दिया जाएगा। कमेटी में प्रदेश प्रवक्ता के साथ प्रदेश सचिव रामकिशुन पटेल व जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### भूमिधरी जमीन पर जबरिया दबंग कर रहे कब्जा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल तहसील के चायल खास कस्बे में नजर अहमद पुत्र समी अहमद की आराजी खाता संख्या 49 में आराजी नंबर 918 उनके नाम दर्ज है इस भूमि में नजर अहमद सह खातेदार है लेकिन जबरिया उनकी जमीन पर कई दिनों से निर्माण किया जा रहा है मामले में पीड़ित ने अधिकारियों से शिकायत किया है पीड़ित की शिकायत पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों ने चायल तहसील को दिया है।

### पूर्व चेयरमैन के पुत्र के घर को चोरो ने खागाला

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत कस्बा भरवारी के मेहता रोड के पास लखन लाल गेस्ट हाउस के बगल में विकास केशरवानी पुत्र स्व लखन लाल केशरवानी पूर्व चेयरमैन के बंद पड़े मकान को चोरो ने निशाना बनाया वही सुबह होने पर गृह स्वामी को जानकारी हुई जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी है पुलिस मौके पर पहुच जांच में जुटी है हालांकि चोरी में गये सामानों में एक एलसीडी के साथ कपड़े बर्तन पांच हजार रुपये के अलावा घर मे रखा काफी समान चोर उठा ले गए है गृह स्वामी के अनुसार चोरो के गैंग कस्बा के आसपास के ही लोग है पुलिस तफ्तीश में जुटी है पुलिस ने बताया शीघ्र ही चोर कठघडे में मौजूद होंगे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अरूण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित चल रहे अभियुक्त मो० मुन्ना पुत्र मो० आलम निवासी इशाकचक वी टोला मस्जिद मार्ग जगदीशपुर थाना इशाकचक जनपद भागलपुर राज्य बिहार व मो० फैसल पुत्र मो० इरशाद निवासी पिरपैथी वाजार नया टोला थाना पिरपैथी जनपद भागलपुर राज्य बिहार दोनो अभियुक्तो को ओसा नहर के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

### चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिमरी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त ज्ञान बाबू पुत्र ओम प्रकाश निवासी दाही थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा तीन वारण्टी आभियुक्तो मोती लाल केशन व कैलाश चन्द्र पुत्रगण स्व० शीतला प्रलाद निवासी सौरईखुर्द थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# आयुष्मान कार्ड बनाया जाना करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार सभी अंत्योदय कार्डधारक परिवारों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिस हेतु 14 दिसंबर 2021 एवं 17 दिसंबर 2021 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके क्रम में सभी कोटेदारों को निर्देशित किया गया कि अभियान के उक्त दिवसों के 1 दिन पूर्व सभी अंत्योदय कार्डधारक परिवारों को सूचित करेंगे और सभी अंत्योदय कार्डधारक परिवारों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में डिस्ट्रिक्ट सीएससी मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि अभियान के दिन चिन्हित जन सेवा केंद्र संचालक संबंधित गांव के राशन वितरण केंद्रों में पहुंचकर सभी अंत्योदय कार्ड धारकों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, किसी प्रकार का कोई शुल्क लाभार्थी से नहीं लिया जाएगा। उन्होंने सभी अंत्योदय कार्ड धारकों से यह अपील की है कि अभियान के दिन 14 दिसंबर 2021 एवं 17 दिसंबर 2021 को राशन वितरण केंद्रों पर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं और सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ उठाएं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया है कि 11 दिसम्बर 2021 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से संबंधित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त ओमप्रकाश सरोज पुत्र रामू निवासी ग्राम विदाव थाना कौशाम्बी के कब्जे से दस लीटर अवैध कच्ची शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# सड़क किनारे के सरकारी दर्जनों हरे शीशम के पेड़ काट कर उठा ले गए लकड़ी माफिया

अखंड भारत संदेश

> सराय अकिल थाना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की सांठगांठ से बेखौफ काटे जा रहे हैं सड़क किनारे के सरकारी हरे पेड़

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के वन रेंजर और सराय अकिल पुलिस की लापरवाही संलिप्तता से इलाके में सड़क के किनारे के सरकारी हरे पेड़ों की कटान तेजी से हो रही है लकड़ी माफिया सुबह से इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन लेकर पेड़ों की कटान में चले जाते हैं दर्जनों मजदूरों के सहारे लकड़ी माफिया प्रतिदिन हरे पेड़ को काटकर हरियाली नष्ट कर रहे हैं लेकिन लकड़ी माफियाओं पर ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है जहाँ एक ओर योगी सरकार पर्यावरण के बचाव हेतु हर वर्ष करोड़ों की रकम खर्च कर लाखों पौधरोपण कराती है और वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को इसकी सुरक्षा के लिए लाखों रुपए बेतन देती है वही दूसरी ओर चायल क्षेत्र के वन रेंज अफसर लकड़ी माफियाओ के आगे घुटने टेकते नजर आ रहे है। जानकारी के अनुसार सराय अकिल थाना अंतर्गत फाकिराबाद से बेनीराम कटरा सड़क के किनारे लगे सरकारी शीशम के पेड़ पर बेखौफ तरीके से लकड़ी माफियाओं की इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन और कुल्हाड़ी चटक रही है।धीरे धीरे सड़क के किनारे के सरकारी शीशम के दर्जनों पेड़ को बेखौफ लकड़ी माफियाओं ने काट दिया है इतना ही नहीं सरकारी हरे पेड़ों को काटने के बाद बेखौफ लकड़ी माफिया लकड़ियों को उठा ले गए हैं और वन विभाग के जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने तमाशा देख रहे हैं आखिर किसके संरक्षण में सड़क किनारे के सरकारी हरे पेड़ों के काटे जाने का यह कार्य हो रहा है।क्या लकड़ी माफिया पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों से ज्यादा ताकतवर है।

## न्यूज झरोखा

### लापता बालक को खोजकर परिजनों को पुलिस ने सौपा



**चरवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पूरब थोक निवासी एक बालक के गायब होने की सूचना पर सक्रिय हुई चरवा पुलिस ने बालक को खोजकर उसके परिजनों को सौप दिया है परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। जानकारी के मुताबिक बुलबुल पुत्र पप्पू 8 वर्ष निवासी चरवा पूरब थोक बुधवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे अपने घर से निकला था। घर के लोगो ने बताया कि इसकी मां मीना दोपहर में ही अपनी बिटिया के यहां जाने के लिए निकली थी , संभवतः बुलबुल अपनी मां का पीछा करते हुए जाने की जिद कर रहा था। कुछ दूर जाने पर जब मां ने देखा कि बेटा बुलबुल उसके पीछे पीछे आ रहा है। तो मां ने डांट कर उसे घर वापस घर भेज दिया मगर बावजूद इसके भी वह घर नहीं आया और रास्ते में कहीं भटक गया। काफी रात होने पर भी जब बुलबुल घर वापस नहीं आया तो परिजन चिंतित हो कर उसकी खोज मे लग गए परिजनों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गयी अंततः पुलिस की मुस्तैदी की वजह से बुलबुल को सुरक्षित खोजकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया परिजनों ने बालक को खोजने के लिए चरवा इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ,चौकी प्रभारी महगाव वा उनके टीम को दिल से धन्यवाद दिया है।

### डीएम एवं एसपी ने जरूरतमंदों को किया कम्बल वितरित



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज ग्राम अहिरारा सिराथू में जनकल्याणकारी समिति शहजादपुर द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता बीडीओ सुरेश चन्द्र गुप्ता समाज सेवी मो0 हनीफ खॉ एवं ज्योतिषाचार्य रामसियांसन शास्त्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के वांछित पंद्रह हजार के इनामिया अभियुक्त राजेश साहू पुत्र चन्द्रमोहन साहू निवासी सी15 ट्रान्सपोर्टनगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को प्रभारी निरीक्षक पिपरी आदित्य कुमार सिंह मय हमराह व एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह मय टीम द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर भगवतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त को विधिक कार्यवाही के पश्तात न्यायालय भेज दिया है।

# देश के पहले सीडीएस की असामयिक मौत देश के लिए बड़ी क्षति : सुचि विश्वास

## कांग्रेस पार्टी कार्यालय में मौन रखकर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



जनरल की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** तमिलनाडु प्रदेश के जिले नीलगिरी के कुन्नूर जंगल में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में सवार देश के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी व 12 सैन्य अधिकारियों की मौत पर देश गहरे सदमे में है। गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश प्रवक्ता सूचि विश्वास मौजूद रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव रामकिशन पटेल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने किया।

इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश के लिए वह दुर्भाग्यपूर्ण समय था जब देश के सैनिक रणनीति के बड़े जानकार और देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत अपनी पत्नी मधुलिका के साथ, ब्रिगेडियर एलएस लिद्दर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पीएस चौहान, स्क्वॉड्रन लीडर के सिंह, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बी. साई तेजा, जूनियर वारंट ऑफिसर दास, जूनियर वारंट ऑफिसर ए प्रदीप और हवलदार सतपाल के साथ सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही उनका हेलीकॉप्टर तमिलनाडु प्रदेश के नीलगिरी जिले के कुन्नूर क्षेत्र पहुंचा तभी वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें देश के 12 जवान शहीद हो गए। देश शहीद सैनिकों के प्रति गंभीर संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति और परिवारिक जनों को ईश्वर से मनोबल प्रदान करने की कामना करता है। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि जनरल बिपिन रावत के सैनिक जीवन में किए गए कार्य उनके जीवन को बनाते हैं ऐसे वीर सैनिक पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है सभी कांग्रेसियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति की कामना किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, मो अवैस, विनय कुमार, भारत गौतम, धर्मेंद्र कुमार, गुलाम मोहम्मद, मुकेश कुमार, रणधीर प्रताप सिंह, राजकुमार, सतवंत सिंह, सुशील कुमार, संदीप कुमार, सरफराज आलम, इजहार अब्बास, कमलाकांत शुक्ला सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

### चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल की मौत पर दी श्रद्धांजलि




**कौशाम्बी।** हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल की मौत पर चारों और दुख का माहौल है लोगों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है अमर दीप जूनियर हाई स्कूल नौवापुर चायल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चीफ ऑफ डिफेंस स?टाफ जनरल बिपिन रावत उनकी पत्नी एवं 11 अन्य की मृत्यु पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभी छात्र छात्राओं व समस्त अभिभावकों द्वारा अर्पित किया गया।

### राजमिस्त्री सम्मेलन में सीमेंट की गुणवत्ता के बारे में मिस्त्रियों को दी गई जानकारी

**कौशाम्बी।** प्रिज्म सीमेंट इलाहाबाद द्वारा तहसील मंझनपुर के पश्चिम शरीरा कस्बे में राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के डीलर शिव ट्रेडर्स के मालिक शिव केसरवानी ने कंपनी से आए अधिकारियों और राज मिस्त्री का स्वागत करते हुए सबका अभिवादन किया कंपनी से आए टेक्निकल इंजीनियर विमल मिश्रा द्वारा चैंपियन प्लस एंव ड्यूराटेक की गुणवत्ता के बारे में बताया एंव राजमिस्त्रियों को अलग अलग तरह के निर्माण कार्य के बारे में सीमेंट की गुणवत्ता से अवगत कराया।

प्रिज्म कंपनी के राजमिस्त्री सम्मेलन में इल्लाहबाद के रीजनल टेक्निकल मैनेजर रोहित कपूर, ब्रांच हेड किशोर त्रिपाठी ,सेल्स ऑफिसर वीरेंद्र शुक्ला ,ब्रांच टेक्निकल मैनेजर नीरज शुक्ला और साथ ही अन्य फुटकर विक्रेता द्वारा सभी राजमिस्त्रियों को सम्बोधन और सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद किया गया इस मौके पर इलाके के तमाम गणमान्य व्यक्ति सीमेंट कंपनी के डीलर व्यापारी एवं राजमिस्त्री मौजूद रहे।

# शहीद जनरल बिपिन रावत उनकी पत्नी की मौत पर कांग्रेसियों ने अर्पित किया श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन ना मनाने का कांग्रेसियों ने लिया संकल्प कौशाम्बी शहीद जनरल बिपिन रावत उनकी पत्नी वा अन्य लोगो की मृत्यु पर कांग्रेस कमेटी ने सोनिया गांधी आज जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है इस मौके पर कांग्रेसियों ने शहीद जनरल की मौत पर शोक सभा व्यक्त किया है इस मौके पर कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि देश में दुख की इस घड़ी में सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया नहीं जा सकता है जनरल रावत की मौत से पूरा देश गम में है। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन नहीं मनाया उन्होंने कहा जनरल बिपिन रावत व उनके परिवार को इस दुख की बेला को हम शोक सभा चल रही है वैसे में हम सब आज अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन नहीं मनाएंगे इस मौके पर कांग्रेस यूथ के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव महेंद्र मिश्रा गुड्डू द्वारका प्रसाद भार्गव नरेंद्र सिंह मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा जिला महासचिव बरसाती लाल पंडा अमित त्रिवेदी युगल किशोर त्रिपाठी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि प्रकाश राघवेंद्र आबिदा बेगम आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन नहीं बनाए मनाया है बल्कि दुर्घटना में मृतक जनरल और उनके पत्नी परिजन साथियों सहित सभी को श्रद्धांजलि अर्पित किया है।



जनरल की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी

# कई विषयों को लेकर छात्रों ने उठाई मांग

## छात्रों ने कहा नए प्राचार्य के आने से जागी उम्मीदो की किरण

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका परिषद के बी एस मेहता महा विद्यालय में कई विषयों को लेकर छात्रों में आक्रोश है वही नवागंतुक प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने से छात्रों के भविष्य में पढ़ाई का स्तर और बेहतर होने की उम्मीद जागी है मेहता महा विद्यालय में मास्टर ऑफ आर्ट में इतिहास व अर्थ शास्त्र तथा मास्टर ऑफ साइंस में जंतु विज्ञान के विषय न होने से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है जिससे छात्रों में विषय को लेकर आक्रोश ब्याप्त है ' वही छात्रों ने बताया कि जबसे नए प्राचार्य डॉ प्रबोध श्रीवास्तव ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया है तभी से उन्होंने कॉलेज की पटरी से उतरी शिक्षा व्यवस्था से लेकर खेल ब्यायाम व कॉलेज की चरमराई व्यस्वस्था को लाइन में लाने के लिए भरसक प्रयास करने में लगे हुए है। इसी कार्यशैली को लेकर छात्रों ने नए प्राचार्य डॉ प्रबोध श्रीवास्तव से मांग करते हुए निवेदन किया है कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मास्टर ऑफ आर्ट में इतिहासः व अर्थशास्त्र तथा मास्टर ऑफ साइंस में जंतु विज्ञान के विषयों की भी व्यस्वस्था की जाय जिससे छात्रों के भविष्य में और निखार आ सके और कॉलेज की शिक्षा ब्यवस्था भी मजबूत हो सके। यहां यह भी बताना आवश्यक है कि इससे पहले भी छात्रों द्वारा अन्य विषयों को लेकर प्रबंध समिति से मांग की थी जो कि ठंडे बस्ते में चला गया यदि नवागंतुक प्राचार्य ने विषयो की व्यवस्था करवा दी तो कॉलेज की शिक्षा व्यस्वस्था मजबूत तो होगी बल्कि छात्रों के भविष्य में भी निखार आएगा वही छात्रों को शिक्षा ग्रहण के लिए अन्य कॉलेज में भागना भी नही पड़ेगा।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने व मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 113 वाहनों का ई चालान किया गया व 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# शिक्षा व स्वास्थ्य के अधिकार पर जनमानस को किया गया अवगत

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश



विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित लोग

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशन पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन बीएल इण्टर कालेज सुधवर गॉव ब्लॉक चायल में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौम्या गिरी के सौजन्य से किया गया। उक्त शिविर महिलाओं के अधिकार विषय पर आयोजित किया गया जिसका संचालन संगीता कुशवाहा समाजसेवी के द्वारा किया गया। उक्त शिविर में महिलाओं एवं बालिकाओं को संविधान के द्वारा मिले अधिकारों के बारे में बताया गया और यह भी बताया गया की कोई महिला किसी प्रकार की हिंसा से परेशान होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर विधिक सहायता एवं निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त किया जा सकता है तथा मुकदमा पूर्व सुलह (प्री-लिटिगेशन) के माध्यम से विवाद का हल प्राप्त किया जा सकता है। संस्था के सदस्य रीतिका द्वारा शिक्षा के अधिकार व स्वास्थ्य के अधिकार विषय पर उपस्थित जनमानस को अवगत कराया गया। कायर्क्रम में सोशल एक्शन फार ग्लोबल एवेयरनेस सोसाइटी की सदस्य संगीता कुशवाहा रीतिका एवं विद्यालय प्रबन्धक सुनील कुमार आशा सिंह आदि उपस्थित रहें।

### सीबीसी योजनान्र्तगत एक मुश्त समाधान योजना

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया है कि सीबीसी योजनान्र्तगत उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में लागू एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत जनपद के उद्यमियों इकाई द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण अपदा-विपदा काल में एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत ऋण धनराशि जमा किये जाने में परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुये समस्त इकाईयों को ऋण जमा करने हेतु योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये 01 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2021 तक अवधि बढ़ाई गई थी। उक्त के तारतम्य में कोविड-19 की द्वितीय लहर का संक्रमण फैलने के कारण एवं प्रदेश के कुछ जनपदों के उद्यमियों/ इकाईयों के द्वारा समय बढ़ाये जाने की मांग एवं जनपद के जिला ग्रामोद्योग अधिकारिओं के अनुशंसा पर समस्त उद्यमियों/ इकाईयों को ऋण जमा करने हेतु सीबीसी योजनान्र्तगत एक मुश्त समाधान योजना 01 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक बढ़ाई जाती है।

# दर्जनों गांव में चरमराई सफाई व्यवस्था लगा गंदगी का अंबार

## फर्जी उपस्थिति दर्ज कर सफाई कर्मियों को वेतन का हो रहा है कई वर्षो से भुगतान

अखंड भारत संदेश

**चरवा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों में बिना सफाई कराए सफाई कर्मियों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करा कर उनको बीते कई वर्षों से वेतन भुगतान किया जा रहा है इस मामले में नेवादा और चायल विकासखंड के एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है स्वच्छता अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। सफाई व्यवस्था चौपट हो जाने के बाद भी आला अधिकारी कठोर कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई व्यवस्था में लगे लापरवाह सफाई कर्मियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए सफाई व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है। गौरतलब है कि चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा और चायल विकासखंड के तमाम गांव गंदगी से जूझ रहे हैं तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा कमालपुर चक बादशाहपुर नीबीशाना, हरदुआ, फरीदपुर सुलेम, सुधवर जानकीपुर, लोही सहित दर्जनों गांव में वर्षों से सफाई नहीं हुई है लेकिन वेतन बराबर निकल रहा है सफाई कर्मियों के कारनामों पर बार-बार ग्रामीण जनता शिकायत कर रही है लेकिन जांच के नाम पर सफाई कर्मियों का फर्जी वेतन देने वाले एडीओ पंचायतों को जिम्मेदारी सौंप दी जाती है जिससे सफाई कर्मी के तमाम गुनाह होते हुए भी फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर सफाई कर्मियों की उपस्थिति दर्शा दी जाती है योगी सरकार में गांव की गली सड़कें गंदगी से जूझ में रही हैं गंदगी से आम जनता परेशान हैं सफाई कर्मियों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर अधिकारी वेतन भुगतान कर मालामाल हो रहे हैं तहसील चायल क्षेत्र के तमाम गांव में सफाई कर्मियों के ना दिखने के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है जहां मुख्य मार्गों से लेकर गांव की गलियों तक में गंदगी का अंबार देखा जा सकता है लोग इस गंदगी के आसपास रहने और उन रास्तों से होकर चलने के लिए मजबूर हैं इनको लेकर शासन से प्रशासन तक मौन बना हुआ है जहां से लोगों को आज तक यह नहीं पता चल सका कि पूर्व की सरकारों में गांव में नियुक्त हुए सफाई कर्मी अब तैनात हैं या नहीं है. क्योंकि हद इस बात की हो जाती है कि सफाई के नाम पर गांव में इनके दर्शन ही दुर्लभ हो जाते हैं कभी-कभी मुख्य पर्वो त्योहारों पर इन गांवो की सफाई नजर आती है।

### डेंगू से बीमार ब्यक्ति को जिला पंचायत सदस्य ने दी मदद

**कौशांबी।** जिला पंचायत सदस्य मीनू साहू के पति योगेश साहू काजीपुर स्थिति विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में जन सुनवाई कर रहे थे उनकी जनसुनवाई में गौसपुर गांव के राम लोटन पुत्र रामखेलावन ने बताया कि डेंगू की बीमारी से वह ग्रसित है और इलाज के खर्चे नहीं पूरे हो रहे हैं राम लोटन ने जिला पंचायत सदस्य के पति को बताया कि पैसे के अभाव में इलाज ना होने पर उसकी मौत हो सकती है जिस पर जिला पंचायत सदस्य के पति योगेश साहू ने राम लोटन को भरोसा दिया कि पैसे के अभाव में तुम्हारी बीमारी का इलाज नहीं रुकेगा उन्होंने उसे तत्काल आर्थिक सहयोग करते हुए भरोसा दिलाया है कि इलाज में जितना खर्च होगा उसकी व्यवस्था जिला पंचायत सदस्य की ओर से होगी।

## सम्पादकीय

### प्रियंका गांधी की नयी पहल

प्रियंका गांधी के बयानों, रैलियों, सभाओं और मुलाकातों से पहले ही उप्र चुनाव में हलचल मची हुई है, अब उन्होंने एक ऐसा दांव चल दिया है, जिसकी काट ढूंढना कांग्रेस के विरोधियों खासकर भाजपा के लिए काफी मुश्किल होगा। प्रियंका गांधी ने उप्र चुनावों के लिए कांग्रेस का महिलाओं के लिए घोषणापत्र जारी किया। शक्ति विधान नाम से इस घोषणापत्र को जारी करते हुए प्रियंका गांधी ने समाज में लैंगिक असमानता के कारण जो असंतुलन बना हुआ है, उसकी बात की और यह कहा कि जब महिलाएं राजनैतिक तौर पर सशक्त होंगी, अपने अधिकारों के लिए जागरुक होंगी, जब संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, समाज के हालात भी बदल जाएंगे। प्रियंका गांधी ने चुनावों में 40 प्रतिशत टिकटें महिलाओं को देने के ऐलान से काफी हलचल मचा दी थी। अब घोषणापत्र में यह वादा लिखित रूप में दर्ज हो गया है। वैसे प्रियंका गांधी ने कहा है कि कांग्रेस यह चाहती है कि टिकटों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत हो। घोषणापत्र में महिलाओं को मनरेगा में प्राथमिकता, सरकारी पदों पर 40 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति, महिलाओं के लिए 10 आवासीय खेल अकादमी, लड़कियों के लिए सांध्य विद्यालय, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, सस्ता ऋण, कामकाजी महिलाओं के लिए 25 शहरों में छात्रावास, 10 हजार मानदेय, सहायता समूह को 4 फीसदी पर ऋण, राशन दुकानों में 50 प्रतिशत का संचालन महिलाओं के द्वारा, हर साल तीन गैस सिलेंडर मुफ्त, स्नातक में नामांकित लड़कियों को स्कूटी, बारहवीं की छात्राओं को स्मार्ट फोन, प्रदेश में वीरांगनाओं के नाम पर 75 विद्यालयों का निर्माण, परिवार में पैदा होने वाली प्रत्येक बालिका के लिए एक एफडी और पुलिस बल में 25 प्रतिशत महिलाओं को नौकरी जैसे महत्वपूर्ण वादे किए गए हैं। अगर इन वादों को अमल में लाया जाए तो वाकई उत्तरप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की एक नयी तस्वीर सामने आएगी और उसका असर बाकी देश पर भी दिखाई देगा।

प्रियंका गांधी यही चाहती हैं कि महिला सशक्तिकरण की बात कागजों पर ही नहीं रहे, व्यवहार में भी उतरे औ? उत्तरप्रदेश चुनाव से इसकी शुरूआत उन्होंने कर दी है। अब तक केवल धर्म, जाति, सोशल इंजीनियरिंग, बाहुबल, माफिया यही सारी बातें उप्र की राजनैतिक चर्चा में छाई रहती थीं। इन्हीं के इर्द-गिर्द चुनाव लड़े जाते थे और जीते भी जाते थे। इस बार भी यही हो रहा है। आप खबरों को खंगाल लीजिए तो यही मिलेगा कि किस तरह सत्तारूढ़ भाजपा के नेता अपने कामों और विकास की जगह अयोध्या, मथुरा, काशी, अब्बाजान, चचाजान का जिक्र करते रहते हैं। लेकिन प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उप्र में कांग्रेस अलग किस्म की राजनीति कर रही हैं। हिंदू-मुस्लिम, सवर्ण-दलित, अगड़े-पिछड़ों की बात करने की जगह प्रियंका गांधी महिलाओं की बात कर रही हैं। हिंदुस्तान के समाज की खासियत यही है कि यहां सभी वर्गों में महिलाओं के संघर्ष, उनकी तकलीफें लगभग एक जैसी ही हैं। अपने अधिकारों के लिए महिलाओं को कदम-कदम पर जूझना पड़ता है और इसलिए कांग्रेस अब इन महिलाओं को राजनैतिक तौर पर सशक्त बनाने की जमीन उप्र चुनाव में तैयार कर रही हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महज 15 फीसदी है। कांग्रेस ने इस निराशाजनक तस्वीर को बदलने का संकल्प लिया है। कांग्रेस के महिलाओं के लिए जारी इस घोषणापत्र के छह हिस्से हैं- स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत। यानि एक महिला के जीवन को बेहतर बनाने के लिए जिन छह बातों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, वो सारी बातें कांग्रेस के घोषणापत्र में हैं। उप्र में महिला अत्याचार पर किसी तरह रोक नहीं लग पा रही है। महिला उत्पीड़न के आंकड़े योगी सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं, मगर भाजपा इस पर बात ही नहीं करना चाहती। अच्छा है कि राजनीति में महिला विमर्श को प्रियंका गांधी ने फिर से महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की कोशिश की है, जब देश गुलाम था तब गांधीजी ने कोशिश की थी कि अंग्रेजी शासन के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए महिलाएं भी आगे आएं। गांधीजी रचनात्मक तरीके से विरोध भी करते थे और इसी तरह समाज की कुरीतियों को दूर करने की कोशिश भी करते थे। गांधीजी जानते थे कि महिलाओं को साथ लेकर समाज को भी सुधारा जा सकता है और देश को आजाद भी कराया जा सकता है। आज प्रियंका गांधी उसी तरह की रचनात्मक राजनीति उप्र में कर रही हैं।

# पूरब का पश्चिम में उजाला

**आयुषी दवे**

हाल के दशकों में भारत तकनीक क्षेत्र का केंद्र बिंदु रहा है। इस क्षेत्र में साल-दर-साल किस तरह भारतीयों ने सफलता की सुनहरी इबारत लिखी, किसी से छिपा नहीं। गूगल से लेकर माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम से अडोब तक ऐसे बहुत से टेक्नोलॉजी जॉयन्ट्स हैं, जिनके सीईओ भारतीय हैं। नोकिया, पेप्सी और मास्टरकार्ड जैसी कंपनियों ने भी इन्वेंशन, मार्केटिंग व प्रबंधन के क्षेत्र में भारतीयों को महत्ता दी। अब इसी फेहरिस्त में ट्विटर का नाम जुड़ गया है। चंद रोज पहले ही भारतीय मूल के पराग अग्रवाल इसके सीईओ बने। अजमेर के एक माध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे 37 वर्षीय पराग आईआईटी, बॉम्बे के छात्र रहे, जिन्होंने 2001 में तुर्की में हुए इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीता था। इन्होंने कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की। पराग की तरह चेन्नई में जन्मे गूगल की पैरेंट कम्पनी अल्फाबेट के सीईओ सुन्दर पिचाई ने भी आईआईटी खड़गपुर से स्नातक की डिग्री हासिल की और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिल्वेनिआ से एमबीए किया। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने मणिपाल यूनिवर्सिटी से बीटेक और अमेरिका की विस्कॉन्सिन यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ साइंस और शिकागो से एमबीए यानी मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन किया। एडोब के सीईओ शांतनु नारायण ने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से स्नातक किया, बाद में उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से एमबीए किया। आईबीएम के सीईओ अरविन्द कृष्णा ने भी आईआईटी कानपुर से बीटेक किया और बाद में यूनिवर्सिटी ऑफ इलेनॉइस से पीएचडी की।

माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ और सैनडिस्क के कोफाउंडर संजय मेहरोत्रा ने बिट्स पिलानी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया से बैचलर और मास्टर्स किया। बाद में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से बिजनेस की पढाई की। उनके नाम 70 से ज्यादा पेटेंट्स हैं। पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीईओ निकेश अरोरा भी आईआईटी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और इन्होंने नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी, बोस्टन से एमबीए की डिग्री हासिल की। आज दुनिया भर में तकनीकी, गैर तकनीकी, बैंकिंग आदि क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक ऐसी मल्टीनेशनल कंपनियां हैं जिनके सीईओ भारतीय हैं या रहे हैं। तो क्या कारण है कि ये बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने प्रमुख और महत्वपूर्ण पदों के लिए भारतीयों पर ही भरोसा करती हैं? जाहिर है व्यक्तिगत कौशल, योग्यता और कड़ी मेहनत के अलावा इन भारतीयों में पाए जाते हैं भारतीय संस्कृति के कुछ ऐसे खास गुण और मूल्य जो इन्हें सबसे अलग और सबकी पहली पसंद बनाते हैं। कितना सुखद है कि बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले ये हुनरमंद आज अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ता से इस मुकाम तक पहुंचे। इसमें दो मत नहीं कि भारत प्रगतिशील देश है जहां संसाधनों का अभाव रहता है। इस कारण बच्चों को कम उम्र से ही हर माहौल में ढल जाने और उसे अपने अनुकूल बनाने की शिक्षा परिवार से मिल जाती है। साथ ही इन्हें अप्रत्याशित परिस्थितियों, अनिश्चितताओं से निकलने और उन्हें अपने अनुकूल ढ़ालने का ज्ञान भी हो जाता है। 135 करोड़ की विशाल जनसंख्या, उसमें भी आईआईटी जैसे प्रीमियर संस्थानों में प्रवेश के लिए चंद सीटें ही वो परिस्थितियाँ बनाती हैं, जिससे छोटी आयु में बेहद कठिन प्रतिस्पधाओं का सामना करने की काबिलियत आ जाती है। बस यहीं से ये भारतीय वैश्विक स्तर के लिए तैयार होते हैं। भारत एक बहु सांस्कृतिक देश है। यहां पले-बढ़े व्यक्ति को बचपन से ही दूसरों की संस्कृति और विचारों का सम्मान करना, बिना किसी पक्षपात के उनके साथ मिलकर काम करना, किसी भी मुद्दे का हल बातचीत से निकालना सिखाया जाता है। यही मंत्र एक मल्टीनेशनल कंपनी में विभिन्न देशों के लोगों के साथ मिलजुल कर रहने और काम करने में सहायक होता है। भारत में रिश्तों और व्यवहार की खास अहमियत होती है। सबके साथ मिलकर रहना, एक-दूसरे का ध्यान रखना, कई छोटी-बड़ी बातों की अनदेखी करना किसी भी सीईओ की दया, सहनशीलता बढ़ाने और स्वीकार्यता के गुणों को बढ़ाती है। हमारी बहुभाषी संस्कृति के कारण यहां पला-बढ़ा व्यक्ति कम-कम 2-3 भाषाएँ और बोलियाँ बोल लेता है। यही गुण उन्हें कुशल वक्ता भी बनाता है। शायद यही वे कारण हैं कि अमेरिका में एक अवधारणा बन गई है कि भारतीय मूल के लोग तकनीकी और प्रबंधन के क्षेत्र में बहुत अच्छे होते हैं। इसीलिए वहाँ की इंडियन-अमेरिकन कम्युनिटी और दूसरे अल्पसंख्यकों में भारतीयों की ही सबसे सफल और समृद्ध कम्युनिटी है। इसका पता 2015 के एक सर्वे से भी चला जिसमें सिलिकॉन वैली के एक तिहाई इंजीनियर्स भारतीय हैं। इसी से पता चला कि विश्व की 10 प्रतिशत हाईटेक कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं, जो दूसरी बड़ी उपलब्धि है।ये सारी बातें कहीं न कहीं भारत के वैश्विक कद को बढ़ाती हैं तभी गूगल, ट्विटर, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। इससे भारत के प्रति विश्वास तो बढ़ता ही है जो हमारे लिए एक सॉफ्ट पावर की तरह काम करता है। यकीनन वैश्विक स्तर पर कहीं न कहीं इंडियन मल्टीनेशनल कॉरपोरेशन और इंडियन स्टार्टअप की संभावनाएं बढ़ेंगी। इतना ही नहीं, ये उपलब्धियाँ भारत को खासा प्रोत्साहित करती हैं। इससे जहाँ एक तरफ बच्चों को कड़ी मेहनत और इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है, वहीं दूसरी तरफ बिजनेस फ्रेंडली एन्वायरमेंट भी बेहतर होता है। सही मायनों में हमारी जीत तब होगी जब विश्व की 18 प्रतिशत जनसंख्या वाले भारत के विश्व की प्रमुख 500 कंपनियों (फॉर्च्यून 500) में केवल दर्जन भर नहीं बल्कि तकरीबन 100 से अधिक सीईओ होंगे और इसमें भारत की 7 नहीं बल्कि 70 कंपनियां होंगी। हाँ, इससे प्रतिभाएँ यहीं रहकर, इनकी सीईओ बनेंगी और हमारी प्रतिभाओं को पलायन कर अवसरों की खातिर सात समंदर पार की उड़ान नहीं भरनी पड़ेगी।

# चुनाव से पहले उप्र में बढ़ता राजनैतिक तापमान

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो रही हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने भी 2014, 2017 और 2019 की सफलता दोहराने के लिये कमर कस ली है। भाजपा को इस बार सपा मुखिया अखिलेश यादव की विजय रैलियों में आ रही भीड़ से चुनौती मिलती नजर आ रही है। सपा की रैलियों से उसके नेताओं का मनोबल भी ऊंचा हो रहा है। इसे देखते हुए भाजपा ने भी दिन-प्रतिदिन की समीक्षा करते हुए अपने चुनाव अभियान को धार देने का काम प्रारंभ कर दिया है। भाजपा राज्य में चुनावी बिगुल बजने के पहले छह यात्राएं निकालने जा रही है। जिसके जरिये केंद्र और प्रदेश सरकार की विकास गाथा सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी। इन यात्राओं का समापन पिछली बार की तरह लखनऊ में होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यात्राओं के कार्यक्रम तय करने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के चुनाव से पहले जब यात्रा निकाली थी तब हमने पूर्ववर्ती सरकार की खामियों को जनता के बीच उजागर किया। इस बार हम अपनी उपलब्धियां बताने और उनका आशीर्वाद लेने जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से चली आ रही परिवारवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद मत और मजहब के दायरे में कैद होकर चली आ रही राजनीति को प्रधानमंत्री ने बदला है।

भाजपा नेताओं को विश्वास है कि अयोध्या, मथुरा और काशी में चल रहे विकास कार्यक्रमों तथा कोरोना काल में जिस प्रकार बीजेपी व संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया, उससे प्रदेश की जनता एकबार फिर भाजपा को तीन सौ सीटों के साथ बहुमत देगी। यह बात बिल्कुल सही है कि विगत पांच वर्षों में सरकार ने नये भारत की स्थापना के लिए जिस अभियान को आगे बढ़ाया, आज वह प्रत्येक नागरिक की जुबान पर है।आज अयोध्या, मथुरा, काशी सहित हिंदू समाज के सभी मंदिरों व तीर्थस्थलों का विकास हो रहा है। दिसम्बर माह के दूसरे पखवारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन करने वाले हैं। काशी में बीजेपी का महामंथन भी होने जा रहा है। योगी सरकार ने मथुरा-वृंदावन का विकास करने में भी कसर बाकी नहीं रखी है। मथुरा-वृंदावन को नगर निगम घोषित करने के बाद वहां मांस-मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया। अवैध बूचड़खाने बंद किये गये। अयोध्या से चित्रकूट तक भव्य दीपोत्सव मनाकर भगवान राम से जुड़े सभी तीर्थस्थलों को अंतरराष्ट्रीय फलक पर स्थापित किया जा रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में ही दिव्य और भव्य कुंभ का आयोजन हुआ। प्रदेश की जनता को पता है कि प्रदेश में योगी सरकार ही हिंदू धर्म व सनातन संस्कृति की रक्षा करने में समर्थ है। यही कारण है कि प्रदेश में हिंदुत्व की जड़ों को हिलाने के लिए सलमान खुर्शीद सरीखे नेता हिंदुत्व की तुलना आईएसआईएस व बोको हरम जैसे आतंकी संगठनों से कर रहे हैं। भाजपा की चुनावी तैयारियों के बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक ट्वीट कर राजनैतिक सनसनी मचा दी है। जिस दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या दौरे पर जाना था ठीक उसी दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया- ह्लअयोध्या काशी भव्य मंदिर निर्माण जारी है, मथुरा की तैयारी हैह्व इसके आगे उन्होंने लिखा जय श्रीराम जय शिव-शम्भू जय श्री राधे कृष्ण। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया से लेकर टीवी चैनलों पर बहस शुरू हो गयी।

उपमुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद विपक्षी दलों की ओर से कहा गया कि विधानसभा चुनाव में कड़े मुकाबले का अहसास होते ही भाजपा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल शुरू कर दिया है। सभी सेकुलर दल परेशान-हैरान हो गये कि चुनाव के पहले मथुरा में कुछ नया तो नहीं होने जा रहा है। मथुरा में भी अयोध्या की तरह विवादित स्थल से शाही ईदगाह को हटाने की मांग की जा रही है। ईदगाह हटाने की मांग को लेकर मथुरा की जिला एवं सिविल जज (सीनियर डिविजन) की अदालत में वाद दाखिल किये गए हैं जो विचाराधीन हैं और सुनवाई चल भी रही है।

मथुरा पर बीजेपी नेताओं के बयानों के बाद सेकुलर दलों ने एक बार फिर बीजेपी पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। इनका कहना है कि बीजेपी नेताओं के बयान एक सुनियोजित साजिश हैं। बीजेपी ने साढ़े चार वर्षों में विकास का कोई काम नहीं किया इसलिये अब मथुरा का मुद्दा उठा लिया है। जबकि राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा का यह बयान बहुत सधी हुई राजनीति के तहत दिया गया है। किसान आंदोलन के कारण बीजेपी को पश्चिम उप्र में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन कृषि कानूनों की वापसी के बाद वह मामला ठंडा पड़ता जा रहा है। रणनीतिकारों का अनुमान है कि चुनाव आते-आते किसान आंदोलन पूरी तरह से समाप्त हो जायेगा और उसका कोई असर भी नहीं रह जायेगा। अभी तक पश्चिमी उप्र में बीजेपी के नेता ठीक से जनता के बीच जा नहीं पा रहे थे लेकिन अब एक बड़ा रास्ता खुल गया है, पश्चिमी उप्र की कमान गृहमंत्री अमित शाह को दी गयी है। इससे पहले पश्चिमी उप्र में ही योगी, मुजफ्फरनगर के दंगों और पलायन का मुद्दा जोर-शोर से उठा चुके हैं। प्रदेश की पिछली सपा, बसपा की सरकारों में हिंदू धर्म व सनातन संस्कृति का अपमान सभी ने देखा है। कोई भी सेकुलर मुख्यमंत्री अयोध्या, मथुरा व काशी नहीं जाता था। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इसे बदलकर दिखाया। आज प्रदेश का विकास हो रहा है। यही कारण है कि बीजेपी नेताओं को पूरा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव में तीन सौ सीटों का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

## म्यांमार पर चुप्पी

म्यांमार की विश्व प्रसिद्ध नेता आंग सान सू ची को चार साल की सजा सुना दी गई है। फौजी सरकार ने उन पर बड़ी उदारता दिखाते हुए उनकी सजा चार की बजाय दो साल कर दी है। सच्चाई तो यह है कि उन पर इतने सारे मुकदमे चल रहे हैं कि यदि उनमें उन्हें बहुत कम-कम सजा भी हुई तो वह 100 साल की भी हो सकती है। उन पर तरह-तरह के आरोप हैं। जब उनकी पार्टी, ह्यनेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसीह्न की सरकार थी, तब उन पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। म्यांमार के फौजियों ने जनता द्वारा चुनी हुई उनकी सरकार का इस साल फरवरी में तख्ता-पलट कर दिया था। उसके पहले 15 साल तक उन्हें नजरबंद करके रखा गया था। नवंबर 2010 में म्यांमार में चुनाव हुए थे, उनमें सू ची की पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला था। फौज ने सू ची पर चुनावी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और सत्ता अपने हाथ में ले ली। फौज के इस अत्याचार के विरुद्ध पूरे देश में जबर्दस्त जुलूस निकाले गए, हड़तालें हुई और धरने दिए गए। फौज ने सभी मंत्रियों और हजारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। लगभग 1300 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और समस्त राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया। फौज ने लगभग 10 लाख रोहिंग्या मुसलमानों को म्यांमार से भाग जाने पर मजबूर कर दिया। वे लोग भागकर बांग्लादेश और भारत आ गए। म्यांमारी फौज के इस तानाशाही और अत्याचारी रवैये पर सारी दुनिया चुप्पी खींचे बैठी हुई है। संयुक्तराष्ट्र संघ में यह मामला उठा जरूर लेकिन मानव अधिकारों के सरासर उल्लंघन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह ठीक है कि सैनिक शासन के राजदूत को संयुक्तराष्ट्र में मान्यता नहीं मिल रही है लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? यदि म्यांमार (बर्मा) को संयुक्तराष्ट्र की सदस्यता से वंचित कर दिया जाता और उस पर कुछ अन्तरराष्ट्रीय प्रतिबंध थोप दिए जाते तो फौजी शासन को कुछ अक्ल आ सकती थी। आश्चर्य की बात है कि अपने आप को महाशक्ति और लोकतंत्र का रक्षक कहने वाले राष्ट्र भी इस फौजी अत्याचार के खिलाफ सिर्फ जबानी जमा-खर्च कर रहे हैं। अमेरिका शीघ्र ही दुनिया के लोकतांत्रिक देशों का सम्मेलन करनेवाला है और अपने सामने हो रही लोकतंत्र की इस हत्या पर उसने चुप्पी खींच रखी है।

**-डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

# वसीम रिजवी प्रकरण: आधुनिक समाज और हिन्दू धर्म

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सैयद वसीम रिजवी जब अचानक से इस्लाम पंथ छोड़ सनातन हिन्दू धर्म स्वीकार कर लिया, तभी से इस्लाम को मानने वालों की एक बड़ी जमात ने उनके विरुद्ध 'अरेस्ट वसीम रिजवी' हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अभियान चला रखा है। हजारों की संख्या में लोग न केवल उन्हें गिरफ्तार करने की माँग करते दिख रहे हैं बल्कि उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें भी शेयर की जा रही हैं। प्रश्न यह है कि क्या वह आधुनिक समाज के पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने घर वापसी की है? या उनकी लिखी पुस्तक 'मोहम्मद' पर मची सियासी हलचल का यह परिणाम है, जिसमें मुस्लिम धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए यहां तक कहा है कि रिजवी ने इस किताब के जरिये पैगंबर की शान में गुस्ताखी की है। अथवा यह माना जाए कि पूर्व के वसीम रिजवी ने कुरान से जिन 26 आयतों को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसे खारिज किया गया, उसके बाद की यह रिजवी की प्रतिक्रिया है? वस्तुतः इस विषय में बातें अनेक दृष्टिकोण से तथ्यों के साथ आज की जा सकती हैं। वसीम रिजवी यानी कि अब जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी कहते हैं कि 'इस्लाम में कोई अच्छाई है ही नहीं। अब तो उसको बदलना पड़ेगा। पाकिस्तान में श्रीलंका के एक अधिकारी को बीच सड़क पर मारा गया और वहां इस्लामिक भीड़ उसके जलते शरीर के साथ फोटो खिंचवा रही थी। ये इंसानियत के लिए बेहद शर्मनाक है। मजहब केवल प्यार सिखाता है। दुनिया का सबसे पहला धर्म सनातन ही है। मेरा अब सनातन धर्म के लिए त्याग करना ही मकसद है और मैं मानव सेवा के लिए ये सब करता रहूंगा।' तब अवश्य ही इस्लाम को मानने वालों को गंभीरतापूर्वक सोचना चाहिए कि उनके मजहब में गलती कहां हो रही है, जो रिजवी जैसे लोग आज मुखर होने के लिए विवश हैं।

यहां जब वह मीडिया में यह कहते हुए दिखते हैं कि 'हम तो इस्लाम को बदलना चाहते थे। कुरान के अनुसार, एक व्यक्ति दूसरे का सिर काटता है तो वह धर्म के आधार पर सही है, लेकिन इंसानियत के खिलाफ है। क्योंकि मैंने राम जन्मभूमि के समर्थन में बोला, इसलिए मुझे इस्लाम से निकाला गया।' यहां उनकी इन सभी बातों से समझ आता है कि इस्लाम में विचारों की स्वतंत्रता नहीं है। यदि इस्लाम में पूर्व से चली आ रही धारणाओं पर सवाल उठाओगे तो धमकाए जाओगे, पीटे जाओगे या फिर मार दिए जाओगे। जैसा कि यहां वसीम रिजवी के केस में नजर आ रहा है और फिर गैर इस्लाम को मानने वालों में तो कश्मीर घाटी से निर्वासित पंडितों की दर्दनाक कहानियों से बड़ा दूसरा उदाहरण हो नहीं सकता, जहां कब बहुसंख्यक जनसंख्या, अल्पसंख्यक हो गई, पता ही नहीं चला। दुनिया भर में तमाम दयानंद, श्रद्धानंद सिर्फ इसलिए मार दिए गए क्योंकि वे तर्क और बौद्धिकता से इस्लाम की दार्शनिकता का खंडन कर रहे थे। उदाहरण स्वरूप एक जिज्ञासा का उल्लेख यहां कर लेते हैं, धार्मिक पुरुष जब जन्नत पहुंचते हैं, तो उन्हें 72 हूरें मिलती हैं, लेकिन जब धार्मिक महिलाएं जन्नत पहुंचती हैं, तो उन्हें कौन मिलता है? भारत में इस्लामिक आक्रमण का आरंभ देखिए और 'चचनामा' जैसी अनेक पुस्तकें, जिन्हें किसी गैर मुस्लिम ने नहीं लिखा, साफ तौर पर बताती हैं कि इस्लाम का लक्ष्य क्या है? इस्लाम की सोच क्या है? सब कुछ इन पुस्तकों में लिखा है । इसके आधार पर कहा जा सकता है कि इस्लाम में विचारों की कोई गुंजाइश नहीं, तर्क के लिए कोई स्थान नहीं। कुरान में जो लिखा गया और हदीस में जो उसकी व्याख्या की गई, अंतिम सत्य सिर्फ वही है। इस बात पर आज गंभीर विचार किया जाना चाहिए कि दुनिया में 82 और 85 प्रतिशत की एकतरफा जनसंख्या रखने वाला कौन-सा देश ऐसा होगा, जहां के राज्यों को अपने बहुसंख्यक समाज को कन्वर्जन से बचाने के लिए उन विशेष वर्ग से जिनकी संख्या उनके सामने बहुत कम है, को लेकर मजबूरी वश कानून तक बनाना पड़ जाए? कहना होगा कि सोनू, राजू, राम, श्याम जैसे नाम रखकर छद्म प्यार करनेवाले आपको भारत में ही मिल सकते हैं, दुनिया में अन्यत्र नहीं। तब आप सोचिए कि वे कितने ताकतवर हैं, जिनके बीच रिजवी जैसे कुछ लोग सकारात्मक परिवर्तन के उद्देश्य से खड़े रहते हैं, लेकिन एक समय बाद अंत में वहां से मुक्त होने में ही अपने जीवन की सार्थकता देखते हैं।

यह बात भी सभी सोचें-जहां विचारों स्वतंत्रता नहीं, वहां फिर क्यों बने रहना चाहिए? पूर्व के रिजवी के आईने से देखें तो आज का इस्लाम भी कुछ ऐसा ही नजर आता है। जहां अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता नहीं है। जो मत आधुनिक 21वीं सदी के युग में भी अपने को बदलना नहीं चाहता, फिर ऐसे में क्या किया जाए? निश्चित ही रिजवी जैसे विचारवान लोग अपने लिए सत्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जहां विचारों के स्तर पर, दर्शन के स्तर पर, जिज्ञासाओं के स्तर पर, अभिव्यक्ति की आजादी रहे।

अभिव्यक्ति की आजादी से याद आते हैं ऐसे कई लोग जो कभी इस्लाम और ईसाईयत की शरणागति में थे, किंतु समय रहते उन्होंने स्वयं को बदल लिया। मशहूर सरोद वादक आशीष खान ने अपना नाम हिंदू धर्म स्वीकारने के बाद आशीष खान देवशर्मा रख लिया था। पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश लेखक अनवर शेख युवावस्था में कट्टर मुस्लिम थे और भारत विभाजन के दौरान उन्होंने गैर मुस्लिमों की हत्या भी की थी। बाद में उन्हें इस कार्य के लिए पश्चाताप हुआ तो उन्होंने हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन किया और अंत में हिन्दू धर्म में अपने नैतिक प्रश्नों का सही उत्तर पाकर हिन्दू बन अपना नाम अनिरुद्ध ज्ञानशिख रखा। इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो की बेटी सुकमावती सुकर्णोपुत्री के इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपना लेने को अभी बहुत समय नहीं बीता है। ऐसे में याद आता है, हसन मोसाब यूसुफ का नाम, जिसका कि जन्म फिलस्तीन में हुआ और आतंकी संगठन "हमास" के लिए बहुत समय तक काम करता रहा था। वह अपनी आत्मकथा "सन ऑफ हमास" में लिखता है कि इस्लाम के लिए जिहाद करना उसे विरासत में ही मिल गया था क्योंकि उसके पिता स्वयं इस इस्लामिक आतंकवादी संगठन के संस्थापक सदस्यों में रहे लेकिन जैसे-जैसे समझ विकसित हुई, जिहाद को लेकर कई खयालात मन में उमड़ने लगे और फिर उसका अल्लाह से विश्वास उठता चला गया, उसने फिर इस्लाम छोड़ने में ही अपने जीवन की सार्थकता देखी। अपने अनुभव के आधार पर जो व्याख्या हसन मोसाब यूसुफ आज इस्लाम की करता है, उसे आप जब भी पढ़ेंगे, यही विचार आएगा कि इस्लाम मजहब (धर्म) नहीं हो सकता है। यही कारण है कि हसन मोसाब यूसुफ को मारने के कई फतवे इस्लाम के ठेकेदारों द्वारा अब तक दिए जा चुके हैं।

अभी कुछ समय पहले शामली, उत्तर प्रदेश से एक खबर आई थी, 19 लोग एक साथ मुसलमान से हिन्दू बने थे। शहजाद और मोहम्मद उमर ने अपने परिवार के 18 सदस्यों के साथ हिन्दू धर्म में वापसी की थी। इमराना से अनीता बन चुकी इनमें से एक महिला कहती है कि हम सभी लोगों ने खुशी और अपनी मजी से घर वापसी की है। हिन्दू जीवन जीने में और हिन्दू रहते हुए जो जिंदगी की स्वतंत्रता है, वह अन्य कहीं नहीं है। आज ऐसे कई उदाहरण सामने आ रहे हैं जहां लोग स्वयं आगे होकर इस्लाम से मुक्त हो रहे हैं। जब आप इनसे गहराई से बात करेंगे तो वह उस इस्लाम के अंतर्दर्शन को भी बताते हैं, जिसमें किसी अन्य पंथ के लिए कोई स्थान नहीं होता। वस्तुतः आज यह स्थिति सिर्फ इस्लाम की नहीं है।

ईसाईयत के साथ भी यही हाल है। नयनतारा दक्षिण भारतीय फिल्मों का एक चर्चित चेहरा हैं, वह ईसाई परिवार में पैदा हुई, किंतु उन्होंने हिंदू धर्म इसलिए अपनाया क्योंकि यहां तर्क की अहमियत है। उपनिषदीय ज्ञान उन्हें आनंद से भर देता है। सनातन हिन्दू धर्म में किसी बात को सिर्फ इसलिए स्वीकार्य नहीं किया जाता कि वह पूर्व से चली आ रही कोई धारणा पर आधारित है। यहां हर बात में आधुनिकता और वैज्ञानिकता का समावेश है। यही हाल हॉलीवुड एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स, लेखिका एलिजाबेथ गिल्बर्ट, अमेरिकी सिंगर ट्रेवर हाल, गायक केआरएस-वन और म्यूजिशियन जॉन कोल्ट्रान का है। यह नाम आधुनिक समाज के कुछ ऐसे बड़े नाम हैं जिन्होंने ईसाईयत को इसलिए अलविदा कहा क्योंकि उन्हें शांति और परम आनंद की प्राप्ति "हिन्दू तन मन हिन्दू जीवन" को ही धारण करके प्राप्त हो सकी है।



## भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली को साइबर ठगों ने लगाया एक लाख का चूना, आरोपियों की तलाश जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। साइबर ठगों उन्हें एक लाख रुपये की चपत लगाई। इस संबंध में बांद्रा पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि एक व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कांबली को फोन किया और उन्हें एक लिंक भेजा। कांबली द्वारा उस लिंक को खोलते ही कुछ देर बाद उनके खाते से एक लाख रुपये निकल गए। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मंगलवार को आईपीसी की धारा 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश जारी है।

# रोहित शर्मा ने वनडे का नया कप्तान बनने के बाद कहा, विराट कोहली आज भी टीम के लीडर

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा को बुधवार को टीम इंडिया की वनडे टीम का कप्तान बान दिया गया। इसी के साथ विराट कोहली अब टेस्ट क्रिकेट में ही भारत की अगुवाई करेंगे। विराट कोहली ने टीम इंडिया की तरफ से 95 वनडे मैचों में कप्तानी की और भारत को 65 मैच में जीत दिलाई। उनकी जीत का औसत 70.43 रहा जो कि शानदार है। रोहित को करीब एक महीने पहले टीम इंडिया की टी-20 टीम की कप्तानी भी सौंप दी गई थी। रोहित शर्मा का मानना है कि कोहली की मौजूदगी टीम के लिए अब भी महत्वपूर्ण है।



उन सभी चीजों को एक साथ रखा जाता है, आप चूकना नहीं चाहते हैं। रोहित शर्मा ने खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार के एक शो में बातचीत के दौरान कहा,' कोहली जैसे क्वालिटी वाले बल्लेबाज की हमेशा टीम में जरूरत होती है। टी-20 में 50 से ऊपर का औसत शानदार और अविश्वसनीय है। उन्होंने भारत के लिए कई कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी की है। उनकी तरह की क्वालिटी वाले बल्लेबाज की जरूरत है। इसके साथ ही वो अभी भी टीम के नेता हैं। आप उस तरह के बल्लेबाज को नजरअंदाज नहीं करना चाहते हैं। उनकी टीम के लिए उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। वनडे टीम की कमान संभालने के बाद कोहली ने 21 शतकों समेत 5449 रन बनाए हैं। वो भारत को जीत दिलाने वाले चौथे सबसे सफल वनडे कप्तान हैं। वहीं रोहित आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस को 5 आईपीएल खिताब जिताए हैं। कोहली की अनुपस्थिति में रोहित ने भारत को साल 2018 में एशिया कप भी जिताया था। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 10 वनडे मैच खेले हैं। इसमें से 8 में टीम इंडिया को जीत और सिर्फ दो में हार मिली है।

## कप्तानी से हटाने के एक दिन बाद बीसीसीआई ने की विराट कोहली की तारीफ, भड़क उड़े फैंस

**नई दिल्ली।** विराट कोहली से टीम इंडिया की वनडे टीम की कप्तानी छिनने के एक दिन बाद बीसीसीआई ने ट्वीट कर पूर्व कप्तान की तारीफ की है। इससे उनके फैंस काफी नाराज दिखे। उन्होंने सोशल मीडिया में बीसीसीआई की इस बात को लेकर आलेचना की कि उन्होंने इतनी देर में उन्हें ट्वीट किया। वो विराट कोहली को अचानक कप्तानी से हटाने से नाराज दिखे।

हालांकि ये बात सामने आ रही है कि विराट कोहली कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे लेकिन बीसीसीआई ने 48 घंटे समय देने के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया। बीसीसीआई ने गुरुवार को ट्वीट कर लिखा,' एक लीडर जिसने धैर्य, जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ टीम का नेतृत्व किया. थैंक यू कैप्टन विराट कोहली।' विराट कोहली ने टीम इंडिया की तरफ से 95 वनडे मैचों में कप्तानी की और भारत को 65 मैच में जीत दिलाई। उनकी जीत का औसत 70.43 रहा जो कि शानदार है। उनकी कप्तानी में भारत को 27 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। विराट कोहली की अगुवाई में भारत ने 19 में से 15 बाइलेट्रल सीरीज जीती। वनडे टीम की कमान संभालने के बाद कोहली ने 21 शतकों समेत 5449 रन बनाए हैं। वो भारत को जीत दिलाने वाले चौथे सबसे सफल वनडे कप्तान हैं। कोहली की अनुपस्थिति में रोहित ने भारत को साल 2018 में एशिया कप भी जिताया था। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 10 वनडे मैच खेले हैं। इसमें से 8 में टीम इंडिया को जीत और सिर्फ दो में हार मिली है। इस दौरान रोहित ने बल्लेबाजी करते हुए 77.57 की औसत से 543 रन बनाए हैं। इसमें एक दोहरे शतक समेत दो शतक भी शामिल हैं।



## ट्रैविस हेड ने सेंचुरी जड़कर रचा इतिहास, हासिल की खास उपलब्धि

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को 85 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एशेज के 139 साल के इतिहास में तीसरा सबसे तेज सैकड़ा है। हेड ने क्रिस वोक्स की गेंद पर अपनी पारी का 12वां चौका लगाकर टेस्ट क्रिकेट में अपना तीसरा और एशेज का पहला शतक पूरा किया। वह अभी 112 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें 12 चौकों के अलावा दो छक्के भी शामिल हैं। एशेज में सबसे तेज शतक लगाने का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया के ही एडम गिलक्रिस्ट के नाम पर दर्ज है। उन्होंने साल 2006 में पर्थ में केवल 57 गेंदों पर शतक पूरा कर दिया था। यह आस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे तेज शतक का रिकार्ड भी है। एशेज में गिलक्रिस्ट के बाद इंग्लैंड के गिलबर्ट जैसप का नंबर आता है जिन्होंने 1902 में ओवल में 76 गेंदों पर शतक लगाकर अपनी टीम को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाई थी।

## विराट कोहली को कप्तानी से हटाने को लेकर सौरव गांगुली ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटाने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने विराट कोहली से टी-20 इंटरनेशनल की कप्तानी नहीं छोड़ने की रिक्वेस्ट की थी। इसके बाद सिलेक्टर्स को लगा कि सफेद गेंद के लिए अलग-अलग कप्तान सही नहीं होगा। इसलिये फैसला लिया गया। बुधवार को रोहित शर्मा को टीम इंडिया का नया वनडे कप्तान बनाने का ऐलान बीसीसीआई ने किया। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। सौरव गांगुली ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा,' दरअसल बीसीसीआई ने विराट से टी-20 इंटरनेशनल का कप्तान का पद न छोड़ने का अनुरोध किया था, लेकिन जाहिर है, वह नहीं माने। तब सिलेक्टर्स ने सफेद गेंद के दो फॉर्मेटों के लिए दो अलग-अलग कप्तानों को रखना सही नहीं समझा।

# वनडे कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा ने बताया, आईसीसी टूनार्मेंट में हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए क्या है उनका प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने रोहित शर्मा को बुधवार को टीम इंडिया का नया वनडे कप्तान बनाने का ऐलान किया। ळ-20 में पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद उन्होने शानदार शुरूआत की। टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला लेते हुए उन्होंने न्यूजीलैंड को टी-20 सीरीज में 3-0 से मात दी। रोहित साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज से वनडे में कप्तानी का आगाज करेंगे। साउथ अफ्रीका दौरे में जाने से पहले पिछले कुछ सालों में आईसीसी टूनामेंट में भारत के प्रदर्शन पर बात करते हुए हार के कारणों की पहचान की। भारतीय टीम शुरूआती चरणों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी और 2019 वनडे वर्ल्ड कप के अंतिम चरण में पिछड़ गई थी। इस साल की शुरूआत में टी-20 वर्ल्ड कप में भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में भी विफल रहा था। रोहित ने एक्स्ट्रा टाइम पर कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी 2017, वर्ल्ड




कप 2019 और यहां तक ??कि इस वर्ल्ड कप में भी, यह खेल का शुरूआती चरण था जहां हम हार गए थे। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं ध्यान में रखूंगा।

रोहित ने कहा,' हमें सबसे बुरे के लिए तैयार रहना होगा। हमें उस स्थिति के लिए तैयार रहना होगा जब टीम 10/3 पर हो। इसी तरह मैं आगे बढ़ना चाहता हूं। ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि अगर आप 10/3 के हैं, तो आपको 180 या 190 नहीं मिल सकते। मैं चाहता हूं कि लोग इस तरह से तैयारी करें।' रोहित ने आगे कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम 2022 टी-20 वर्ल्ड कप से पहले के खेलों में खुद को परखें। उन्होंने कहा,' मान लीजिए कि आप सेमीफाइनल खेल रहे हैं, हम पहले दो ओवरों में 10/2 हैं, हम क्या करें? क्या योजना है? मैं खुद को उस स्थिति में रखना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि हम उस पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं।'

# भारत की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी ने बताया, कौन ले सकती हैं मिताली राज की जगह

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी ने कहा कि वनडे और टेस्ट कप्तान मिताली राज के अगले साल न्यूजीलैंड में महिला वर्ल्ड कप के समापन के बाद संन्यास लेने पर भारतीय टीम की अगुआई के लिए स्मृति मंधाना आदर्श विकल्प होंगी। हरमनप्रीत कौर 2016 के बाद टी-20 कप्तान रहीं हैं लेकिन बल्लेबाज के तौर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण लंबे फॉर्मेट में वह मिताली की जगह लेने के लिये पहली पसंद नहीं होंगी। वहीं मंधाना ने खुद को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल कर लिया है।

शांता ने 1976 में पहली टेस्ट जीत में भारतीय टीम की अगुआई की थी। उन्होंने कहा, 'मिताली के संन्यास लेने के बाद स्मृति आदर्श विकल्प होंगी। वह भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही है और उसे देश का नेतृत्व करने का मौका दिया जाना चाहिए।' शांता बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की शीर्ष परिषद की सदस्य भी हैं। उन्हें लगता है कि कप्तानी ने हरमनप्रीत की बल्लेबाजी को प्रभावित किया है और उनका मानना है कि भारत की सफलता के लिए इस खिलाड़ी की बल्लेबाजी काफी अहम है। मंधाना ने चार टेस्ट, 62 वनडे और 84 टी-20 मैच खेले हैं। वह पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग में खेली थीं जिसमें उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ एक शतक भी जड़ा था।



हरमनप्रीत पिछले 12 महीनों से फॉर्म और फिटनेस से जूझ रही हैं। उन्होंने भी बिग बैश लीग में अच्छा किया था और यह देखना होगा कि वह अपनी इसी फॉर्म को टॉप स्तर पर भी जारी रखती हैं या नहीं। भारत का अगला दौरा वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं का होगा। भारत 2017 वर्ल्ड कप में उप विजेता रहा था। महिलाओं का चैलेंजर टूनार्मेंट गुरूवार को समाप्त हो रहा है। शांता ने कहा कि इस टूनार्मेंट ने दिखा दिया कि देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस टूनार्मेंट से काफी प्रतिभाएं दिखाई दीं जो महिलाओं के क्रिकेट के लिए अच्छा है। इससे यह भी दिखता है कि हम महिलाओं की आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के लिये तैयार हैं।'

## व्यापारी की सडक हादसे मे मोत

**मैनपुरी।** स्कूटी सवार फरूखाबाद के निवासी जूता व्यवसायी ने एक साइकिल सवार युवक को बचाने के चक्कर मे खुद की सड़क हादसे में जान गवा दी । मृतक जूता व्यवसायी जनपद फरुर्खाबाद के गांव सकवई तेरा का मूल निवासी है जूता व्यवसायी स्कूटी से फिरोजाबाद जा रहा था उसकी सनाकत करने के बाद परिवारी जनो को बुलाया गया जूता व्यवसायी की मौत हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल ।मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा ।यह पूरा मामला मैनपुरी के थाना दन्नाहार क्षेत्र के सैनिक स्कूल के सामने हुआ यह हादसा।

# अराजकतत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त,लोगों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**बेवर/मैनपुरी।** नवीगंज क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर भटपुरा में स्थापित डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने तोड़ कर गिरा दिया। गुरुवार सुबह जानकारी मिलते दलित बस्ती के लोग आक्रोशित हो गये। मूर्ति टूटने की जानकारी लगते ही मौके पर बेवर थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा पुलिस फोर्स के साथ पहुँच कर आक्रोशित लोगों को शान्त कराया।थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा ने कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया।

श्यामपुर भटपुरा में स्थापित अंबेडकर की मूर्ति को रात में किसी अराजकतत्वों ने चबूतरे से तोड़ कर गिरा दिया ।सुबह पहुँचे ग्रामीण के लोगो ने देखा कि अंबेडकर मूर्ति टूट कर गिरी पड़ी है। मूर्ति टूटने की घटना



से लोगों में आक्रोश हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों सहित काफी संख्या में लोग जुट गये।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, पांच पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** ऊंज थाना क्षेत्र के मुंगरी गांव में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार (30) की बुधवार को मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात रही और तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ में लगी रही। रोते-बिलखते विनोद के परिजनों ने बताया कि नौ अक्तूबर को भूमि विवाद के चलते पड़ोसियों से मारपीट हुई थी। जिसमें विपक्षियों को अधिक चोट आने से नाराजगी चली आ रही थी। विनोद सुबह शौच की बात कहकर घर से निकले थे, उसी दौरान नाराज चल रहे विपक्षी पक्ष के लोगों ने विनोद को रास्ते में घेर कर मारपीट की। शोरगुल मचाने के बावजूद हमलावर विनोद को मारपीट कर भाग निकले। सूचना मिलने पर परिजन विनोद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीघ ले गए। जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज शुरू होने पर राहत न होते देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद विनोद की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ऊंज पूजा कौर ने कहा कि मृतक के पिता अमरनाथ की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

> विनोद सुबह शौच की बात कहकर घर से निकले थे, उसी दौरान नाराज चल रहे विपक्षी पक्ष के लोगों ने विनोद को रास्ते में घेर कर मारपीट की।

## डंपर और ट्रेलर की टक्कर में तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार को सुबह गिराई में डंपर से टक्कर होने के कारण ट्रेलर के परखचे उड़ गए। केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल चालक प्रधान जाट (31) निवासी बरौदा को आस-पास के लोगों ने बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। खलासी सत्यनारायण जाट (28) को खरोंच तक नहीं आई। उधर, किशुनदेवपुर में राजमार्ग को पार करते समय सुनीता देवी (45), बिट्टन देवी (60) घायल हो गईं। उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गिराई में सुबह लगभग 11.30 बजे हुई दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर चालक बरौदा से चूना लादकर उड़ीसा जा रहा था। कौलापुर अंडरपास ब्रिज से नीचे उतरते समय ट्रेलर के सामने दो डंपर जा रहे थे। एक डंपर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक मार दिए जाने से ट्रेलर चालक अपने वाहन को कंट्रोल नहीं कर सका और डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया। तेज आवाज के साथ हुई टक्कर में ट्रेलर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक प्रधान जाट घायल होकर फंसे रहे। उन्हें किसी तरह से बाहर निकाल कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया जा सका।

# अध्यक्ष पद के दो दावेदारों समेत आठ के पर्चे निरस्त, नाम वापसी आज

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया में बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में अध्यक्ष पद के दो दावेदारों सहित कुल आठ के पर्चे निरस्त किए गए। बाकी सभी उम्मीदवारों के पर्चे वैध मिले। बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की वापसी का दिन है। यहां 16 दिसंबर को मतदान कराया जाना है। उसी दिन मतगणना और परिणाम की घोषणा की जानी है।

निर्वाचन अधिकारी डॉ. ऋचा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले प्रवीण कुमार पांडेय के पर्चे में कमी मिली। उन्होंने पर्चा किसी और के नाम से लिया था। इसी तरह बंधुलाल यादव की उम्र अधिक होने के कारण उनका पर्चा निरस्त किया गया। शेष आठ उम्मीदवारों के पर्चे वैध हैं।

जिनके पर्चे वैध मिले हैं, उनमें विशेष पांडेय, विशाल कुमार मिश्रा, स्वतंत्र कुमार बिंद, विवेक यादव, आंचल बिंद, संदीप यादव, हेमंत तिवारी और सुशील कुमार गौतम शामिल हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए सभी छह उम्मीदवारों के पर्चे वैध मिले। इसमें सत्य प्रकाश सिंह, आदित्य कुमार मौर्या, रामकुमार प्रजापति, विपुल मिश्र, रिजवान अली व अरविंद सरोज शामिल हैं। महामंत्री पद के लिए अमन सिंह तथा राजकुमार यादव का नामांकन वैध घोषित किया गया है, जबकि अभिषेक दुबे का पर्चा निरस्त कर दिया गया। पुस्तकालय मंत्री पद के लिए सर्वेश कुमार यादव, वैभव दूबे, धीरज दूबे, विशाल राय व शुभम उपाध्याय के पर्चे वैध मिले। विमलेश कुमार यादव व अंबुज कुमार पर्चा अवैध करार दिया गया।

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार कला संकाय पद के लिए अनुज कुमार, सुजीत कुमार यादव के पर्चे स्वीकृत किए गए। अमन पाल व विशाल वर्मा के अस्वीकृत किए गए। विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद के लिए पंकज कुमार, कृष्णा कन्नोजिया, हिमांशु दूबे तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद हेतु अमृतांशु पांडेय व विकास सिंह के नामांकन वैध पाये गये, आकाश दुबे का अस्वीकृत किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी अपने नाम की वापसी की बृहस्पतिवार को एक बजे तक कर सकते हैं।

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कमल का खिलना जरूरी: डिप्टी सीएम केशव

**फिरोजाबाद।** चुनाव के बाद कई नेता छुट्टी मनाने विदेश चले जाएंगे। सपा की गुंडा सरकार, भाजपा सरकार का अंतर जनता अब जान रही है। मोदी का साथ दिया तो राम मंदिर और एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। जब जनता जागती है तो कमल खिलता है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसका खिलना जरूरी है। ये तेवर थे प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के, जो सिरसागंज के गिरधारी इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

डिप्टी सीएम ने जनसभा के दौरान जिले की 661 करोड़ की 143 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास करते हुए जनता से कहा कि आप सिर्फ ठान लें। आप हनुमानजी की तरह शक्तिशाली हैं। हम 300 से ज्यादा सीटों की बात कर रहे हैं लेकिन आप 400 से ज्यादा सीटों पर कमल खिला देंगे। राम मंदिर से बात की शुरूआत करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने कहा कि आपने नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया तो रामलला का



भव्य मंदिर तैयार हो रहा है। धारा 370 ध?ाशायी हो गई। गरीबों के जीवन में खुशहाली आई। सड़कों में सुधार हुआ। एक्सप्रेस वे बन रहा है। जो अपराधी गरीबों एवं व्यापारियों को प्रताड़ित करते थे, वो आज भागे-भागे फिर रहे हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि आपने तब सरकार बदल दी। आज यहां पर सिर्फ एक ही अपील करने आया हूं कि यहां से भाजपा का कमल 2022 में सभी सीटों पर खिलाने का संकल्प लेकर जाइए और भरोसा रखिए। कई बार लगता है हम सब सीटें कैसे जीत पाएंगे। लेकिन आप ठान लें जीत दर्ज हो जाएगी। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी विरोधी सपा-बसपा, कांग्रेस लोकदल सब मिल जाएं तो भी भाजपा का कमल खिलेगा और रामलला के चरणों में चढ़ेगा। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और अपराध की राजनीति से मुक्ति चाहते हो तथा अपने बच्चों का भविष्य बनाने का ख्वाब रखते हो तो जमकर कमल खिलाना। उन्होंने कहा कि मतगणना के बाद कई विरोधी (विपक्षी) विदेश यात्रा पर निकल जाएंगे, लेकिन हमारे नेता छुट्टी मनाने विदेश यात्रा पर नहीं जाते।

डिप्टी सीएम ने सभा के दौरान भाजपा कार्यकताओं को भी साधा। बोले मंच से सबके नाम लेना संभव नहीं था तो उन्होंने इन शब्दों के साथ में हर कार्यकर्ता का जोश बढ़ाया कि नेता हैं, कार्यकर्ता हैं भविष? के नेता बनने वाले हैं....। इस पर तालियां भी गूंजी। डिप्टी सीएम ने अपने भाषण में सभी विपक्षी दलों का नाम एक-दो बार लिया, लेकिन भाषण के केंद्र में सपा ही रही। जनता से संवाद करते हुए पूछा कि सपा की गुंडागर्दी वाली सरकार एवं भाजपा की सरकार में अंतर दिखाई दिया। इसका श्रेय जनता को देते हुए कहा कि यह हमने नहीं किया, आपने किया है। आपने कमल नहीं खिलाया होता तो समाजवादी पार्टी ने अराजकतावादी पार्टी बनकर देश को बर्बाद कर दिया होता। अखिलेश की भीड़ पर भी निशाना साधते हुए बोले गुंडों को सड़कों पर भीड़ में लाया जा रहा है। डिप्टी सीएम बोले कि आगामी विस चुनाव को लेकर आपको नारा देकर जा रहा हूं। 100 में 60 हमारा, 40 में बंटवारा, बंटवारे में भी हमारा।

भाजपा पर फिर बरसे अखिलेश यादव

## बोले-झूठे वादों में बीजेपी को महारत हासिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जानता पार्टी को झूठे वादों की महारथी करार देते हुए गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चित हार से डरी भाजपा बौखला गई है। यादव ने यहां एक बयान में कहा भाजपा सरकार विज्ञापन में नम्बर वन और शासन में शून्य है। उसे झूठे वादों में महारत हासिल है। मगर अब जनता सच्चाई से भलीभांति परिचित हो गई है। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा और समाजवादी सरकारों के बीच फर्क भी मालूम है। यादव ने कहा कि 2022 में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के आक्रोश और अपनी हार से डरी भाजपा में बौखलाहट की स्थिति हैं।



यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर कानून-व्यवस्था को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। सच्चाई यह है कि भाजपा के राज में कहीं कोई सुरक्षित नहीं है। प्रशासन पूरी तरह पंगु है। महिलाएं असुरक्षित हैं। राजधानी लखनऊ में भी अपराधी बेफिक्र हैं। उन्होंने आरोप लगाया, प्रदेश में भाजपा के अब तक के कार्यकाल में लोगों की जिन्दगी और युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ खिलवाड़ हुआ है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी है। खर्च बढ़ने और कमाई घटने से एक बड़ी आबादी के सपने टूट गए हैं। आक्रोशित जनता वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी।

दिल्ली: केजरीवाल सरकार का अहम फैसला-

## पिछले महीने से 1.5 गुना से ज्यादा नहीं आएगा पानी का बिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड ने अपने बिलिंग सिस्टम को अपडेट किया है। अब उपभोक्ताओं का बिल पिछले माह से 1.5 गुना से ज्यादा नहीं होगा। यदि बिल इससे अधिक होगा तो उपभोक्ता को बोर्ड की तरफ से एक स्पष्टीकरण दिया जाएगा और इसके तर्ज पर ग्राहक शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दिल्ली जल बोर्ड किसी भी प्रकार की गलती के लिए जवाबदेह और उत्तरदायी होगा। जल मंत्री और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान बोर्ड की राजस्व प्रबंधन प्रणाली को




मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए गए। सत्येंद्र जैन ने बताया कि कई शिकायतें सरकार को मिली हैं, जिनमें बताया गया कि मीटर रीडर्स या तो मौजूदा मीटर रीडिंग की तस्वीर अपलोड नहीं करते थे या फिर एक रैंडम इमेज अपलोड करते थे और बाद में उसे खुद से सत्यापित कर उचित समझे जाने पर रीडिंग अलग से डालते हैं। जब तक कोई उपभोक्ता इसके लिए शिकायत दर्ज नहीं करता था, तब तक इस प्रक्रिया की कोई जांच नहीं होती थी। अधिकतर उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान सही मानते हुए करते हैं और द्विमासिक बिलिंग चक्र में खपत पैटर्न में बदलाव को महसूस नहीं करते हैं। उन्होंने बताया कि अब पिछले बिल की तुलना में पानी की खपत 50 फीसद से अधिक या कम होने पर मीटर रीडर के टैबलेट से बिलिंग रोकने के लिए एक सिस्टम चेक होगा।

# भोपाल और इंदौर में 'पुलिस आयुक्त' होंगे कप्तान, कलेक्टरों से छीने कई न्यायिक अधिकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर में गुरुवार से पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू कर दी गई है। अब दोनों शहरों में पुलिस के मुखिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के स्थान पर पुलिस आयुक्त होंगे। यह प्रणाली लागू करने वाला मध्य प्रदेश देश का 17वां राज्य है। इससे पहले देश के 77 शहरों में पुलिस को न्यायिक अधिकार (आयुक्त प्रणाली) दिए जा चुके हैं। दोनों शहरों में पुलिस आयुक्त को मजिस्ट्रियल शक्तियां और कानून-व्यवस्था से जुड़े अन्य अधिकार दिए गए हैं। ये कलेक्टर के पास होते हैं। धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली आदि निकालने के लिए अनुमति अब पुलिस आयुक्त के स्तर से दी जाएगी। पहले ये सारे अधिकार कार्यपालिक दंडाधिकारी यानी तहसीलदार से लेकर अनुविभागीय दंडाधिकारी के पास थे। जिलाबदर, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई भी पुलिस करेगी। पुलिस आयुक्त पुलिस महानिरीक्षक



(आइजी) स्तर के अधिकारी को बनाया जाएगा। गुरुवार को गृह विभाग ने पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 नवंबर को आबादी और भौगोलिक दृष्टि को ध्यान में रुखते हुए भोपाल और इंदौर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया था। शिवराज सिंह ने इस बारे में राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाकर इसे अंजाम तक पहुंचाया। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज का दिन पुलिस के लिए ऐतिहासिक है। पुलिस को वे सभी अधिकार दिए गए हैं, जो कानून-व्यवस्था की स्थिति को बरकरार रखने के लिए आवश्यक हैं। पुलिस को पैरोल पर छोड़ने, गैरकानूनी जहर या एसिड बेचने पर कार्रवाई करने, प्रतिबंधित संगठनों को गैरकानूनी गतिविधियों से रोकने, वाहनों की गति को नियंत्रित करने सहित विभिन्न धाराओं में मजिस्ट्रियल शक्तियां दी गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि? मध्य प्रदेश शांति का टापू रहा है। कानून-व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा के साथ अपराधी तत्वों पर कठोर अंकुश के लिए पुलिस आयुक्त प्रणाली अधिक प्रभावी होगी।



## शादी के बंधन में बंधे तेजस्वी यादव

### नई दुल्हनिया का लालू परिवार में हुआ जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव बृहस्पतिवार को दिल्ली निवासी रचेल के साथ वैवाहिक बंधन में बंध गए। सुबह नौ बजे से शुरू हुआ समारोह रात करीब आठ बजे तक चला। सुबह पहले सगाई की रस्म पूरी हुई। उसके बाद शाम को विवाद संपन्न हुआ। शादी में आए एक मेहमान के अनुसार, दिल्ली निवासी दुल्हन का नाम रजनीश है और उन्हें घर वाले प्यार से रचेल बुलाते हैं। सिंदूरदान के बाद तेजस्वी और रचेल एक-दूसरे के हो गए। इस शादी समारोह को पूरी तरह से व्यक्तिगत व गुप्त रखने का प्रयास किया गया था। मीडिया से खुलकर बात करने वाले बाद लालू यादव ने भी पूरे आयोजन के दौरान मीडिया से दूरी बनाकर रखी। मीडिया को समारोह से दूर रखने के लिए फार्महाउस तक जाने वाले रास्ते पर दर्जन भर से ज्यादा बाउंसर तैनात कर दिए गए।

पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई बोले-

# जस्टिस काटजू अगर खेद जताते तो अभूतपूर्व फैसला नहीं लेना पड़ता

**नई दिल्ली।** न्यायाधीश (सीजेआई) और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई ने अवमाननापूर्ण ब्लॉग के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मार्कंडेय काटजू के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने को लेकर अपनी आत्मकथा में विचार रखे हैं। पूर्व सीजेआई ने अपने अभूतपूर्व आदेश को लेकर कहा कि अगर काटजू ने थोड़ा खेद व्यक्त किया होता तो हम इस मामले को आगे नहीं बढ़ाते। जस्टिस काटजू 2006 और 2011 के बीच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्होंने अपने ब्लॉग में एक दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक फैसले की आलोचना की थी और न्यायाधीशों पर टिप्पणी की थी जो प्रथम दृष्टया अवमाननापूर्ण पाए गए थे।

देश के न्यायिक इतिहास में पहली बार न्यायमूर्ति गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने पूर्व न्यायाधीश काटजू के खिलाफ स्वतः अवमानना नोटिस जारी किया




था, जिसे बाद में उनकी लिखित माफी के बाद बंद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू ने एक ब्लॉग पोस्ट करते हुए कहा था कि निर्णय कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण था ।

## थियेटर में अश्लील वीडियो बनवाती पकड़ी गई पाकिस्तानी एक्ट्रेस, चेंजिंग रूम में लगे थे खुफिया कैमरे

**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर के एक थियेटर में कुछ साथी कलाकारों की कपड़े बदलते समय निर्वस्त्र अवस्था में वीडियो बनाने के आरोप में एक फिल्म व स्टेज अभिनेत्री के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (त्रक्कअ) के साइबर क्राइम विंग ने अभिनेत्री खुशबू और उनके साथी काशिफ चान के खिलाफ केस दर्ज की है। उन पर थियेटर में कपड़े बदलने वाले कक्ष में खुफिया कैमरा लगाने और अन्य अभिनेत्रियों को ब्लैकमेल व अपमानित करने के इरादे से आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप है। एफआईए के एक अधिकारी ने गुरुवार को को बताया, 'खुशबू ने नाटक में काम कर रहीं चार अभिनेत्रियों के निवर्वस्त्र अवस्था में वीडियो बनाने के मकसद से थियेटर के एक कर्मचारी चान को कपड़े बदलने वाले रूम में खुफिया कैमरा लगाने के लिए एक लाख पाकिस्तानी रुपए दिए।

योगी सरकार ने की कड़ी कार्रवाई

## 127 करोड़ की कर चोरी में वाणिज्यकर के चार अफसर निलंबित, एसआईबी में थे तैनात चारों अफसर

**लखनऊ।** तंबाकू के एक फर्म में कर चोरी के मामले में इन अधिकारियों की लिप्तता मिली थी। मामले की जांच एडिशनल कमिश्नर सीबी सिंह को दी गई थी। उनकी जांच रिपोर्ट के बाद शासन ने यह कार्रवाई की है।

नोएडा की एक फर्म के साथ मिलीभगत कर 127 करोड़ रुपये की कर चोरी के मामले में योगी सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए वाणिज्य कर विभाग के चार अफसरों को निलंबित कर दिया है। ये चारों अधिकारी विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी), नोएडा में तैनात थे। जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनमें एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 धर्मेंद्र सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर दिनेश दुबे, डिप्टी कमिश्नर मिथिलेश मिश्रा और असिस्टेंट कमिश्नर सोनिया श्रीवास्तव शामिल हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव संजीव मित्तल ने निलंबन की पुष्टि की है।



मामला जनवरी 2020 का है। शासन को यह शिकायत मिली थी कि नोएडा स्थित तंबाकू की एक कंपनी ने बड़े पैमाने पर कर चोरी की है। इस आधार पर शासन ने मामले की प्रारंभिक जांच के निर्देश दिए थे। नोएडा के तत्कालीन एडिशनल कमिश्नर सीबी सिंह ने जांच कर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। इसमें फर्म द्वारा की गई कर चोरी के मामले में एसआईबी में तैनात इन सभी अधिकारियों की लिप्तता पाई गई है। इस रिपोर्ट के आधार पर शासन ने बृहस्पतिवार को सभी चारों अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें से तीन अधिकारी तो अभी भी नोएडा में ही तैनात हैं। वहीं, डिप्टी कमिश्नर मिथिलेश मिश्रा का सहारनपुर तबादला हो चुका है।

## कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन के प्रमुख का दावा, 2023 पाक चुनाव में वो होगा किंगमेकर

**नई दिल्ली।** कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रमुख साद हुसैन रिजवी ने भविष्यवाणी की है कि उनकी पार्टी 2023 पाक आम चुनावों में किंगमेकर की भूमिका में होगी। टीएलपी समर्थकों पर ईशनिंदा के आरोप में एक श्रीलंकाई व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप है। न्यूजवीक पाकिस्तान के साथ एक साक्षात्कार में टीएलपी प्रमुख साद हुसैन रिजवी, जो हाल ही में लगभग सात महीने बाद जेल से रिहा हुए थे, ने कहा कि उनके वोट बैंक को पंजाब और सिंध क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फायदा मिलेगा, बशर्ते कि चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आयोजित हों। रिजवी ने कहा, ₹कोई भी विपक्ष काम नहीं कर पाएगा और टीएलपी के समर्थन के बिना कोई भी पार्टी सरकार नहीं बना पाएगी।

उन्होंने गुरुवार को बताया, ₹टीएलपी को दोनों प्रांतों में अच्छा समर्थन प्राप्त है और पिछले चुनावों की तुलना में हमारा वोट बैंक कई गुना बढ़ा है।₹ यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी रिहाई और चुनावी गठबंधन की संभावना के बाद कोई प्रमुख राजनीतिक दल उनके पास पहुंचे हैं तो साद ने कहा कि टीएलपी के दरवाजे सभी दलों के लिए खुले हैं। वहीं, ईशनिंदा के आरोपों को लेकर सियालकोट में पिछले हफ्ते प्रियंता कुमारा की मॉब लिंचिंग के बारे में पूछे जाने पर रिजवी ने घटना से टीएलपी को दूर करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की घटनाओं में टीएलपी को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। ये सब मीडिया का किया धरा है। बता दें कि पाकिस्तान में हिंसा फैलाने के आरोप में करीब सात महीने जेल में रहे रिजवी को 7 नवंबर के दिन इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार ने बड़ी राहत दी थी और टीएलपी को प्रतिबंधित समूह की सूची से हटा दिया था। गौरतलब है कि साद हुसैन रिजवी को पंजाब सरकार ने 12 अप्रैल को हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया था। शुरू के तीन महीने उसे हिंसा भड़काने के आरोप में हिरासत में रखा गया। फिर 10 जुलाई को पाकिस्तान पुलिस ने साद हुसैन रिजवी को आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत हिरासत में लिया था। वह हाल ही में पाक सरकार के साथ टीएलपी के समझौते के तहत जेल से रिहा होकर बाहर आया है।

## ओमिक्रॉन की डराने वाली रफ्तार, ब्रिटेन में एक दिन में ही डबल हुए केस

**लंदन।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन की रफ्तार डराने वाली है। भारत सहित 40 से अधिक देशों में दस्तक दे चुके ओमिक्रॉन के केस ब्रिटेन में एक दिन में ही डबल हो गए हैं। गुरुवार को यहां 249 नए मरीजों में यह वेरिएंट पाया गया और इसके साथ ही कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 817 हो गई। यूके हेल्थ सिक्यॉरिटी एजेंसी (वङरलअ) ने कहा कि यदि वृद्धि दर और मामले दोगुने होने में लगने वाला समय ऐसा ही रहा तो वे अगले दो चार हफ्तों में कोरोना वायरस के कम से कम 50 प्रतिशत मामले ओमीक्रोन स्वरूप के देख सकते हैं। यूकेएसएचए मुख्य चिकित्सा सलाकार डॉ सुसान होपकिंस ने कहा, "यह प्रमाण बढ़ता जा रहा है कि ओमीक्रोन अत्यधिक संक्रामक है। हम संक्रमण की चेन



तोड़ने और नए स्वरूप के प्रसार को रोकने के लिए हर चीज करेंगे। इससे पहले ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने कहा था कि वेरिएंट डबलिंग रेट 2 से 3 तीन के बीच हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने अनिवार्य फेस मास्क, वर्ग फ्रॉम होम गाइडलाइंस, और सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश के लिए कोविड वैक्सीन सर्टिफिकेट अनिवार्यता जैसे उपायों की घोषणा की। वायरस के ओमिक्रॉन स्वरूप के अत्यधिक संक्रामक होने का जिक्र करते हुए जॉनसन ने कहा कि नए स्वरूप के मामलों की संख्या दो या तीन दिन में दोगुना की दर से बढ़ रही है। जॉनसन ने कहा, "अब हमारे सामने ओमिक्रॉन है, वायरस का ऐसा वरूप जो अब तक सामने आए अन्य स्वरूप के मुकाबले बेहद तेजी से फैलाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-बचाव संबंधी सख्त नियम शुक्रवार से प्रभावी होंगे।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506